● जयपुर, मंगलवार, 9 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 311 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 शिक्षण संस्थाओं में हर महिने हो ड्रग्स व नशे के...

पेज @4 आकाशिय बिजली गिरने से बिहार में आठ...

पेज @8 » सार्वजनिक निर्माण विभाग में बिलो दरों पर हो रहे टेंडरों से...

एक नजर

बालाघाट मुठभेड़ में मारा गया 14 लाख का इनामी नक्सली

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में हट्टा थाना क्षेत्र के कोठियाटोला में सोमवार तड़के पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली उकास सोहन को मार गिराया। बालाघाट के पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हट्टा थाना नातृगत कोठियाटोला सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए एक्सचेंज ऑफ फायर में 14 लाख का इनामी नक्सली को सुरक्षाबलों के जवानों ने ढेर कर दिया है। मृतक की पहचान उकास सोहन के रूप में हुई है। वह बस्तर बीजापुर का रहने वाला था। क्षेत्र में ऑपरेशन जारी है। घटना के बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

रूस 2027 में पहली हाई-स्पीड ट्रेन बनाएगा

मॉस्को। रूस की पहली हाई-स्पीड ट्रेन 2027 में बन कर तैयार हो जाएगी, जो मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग को जोड़ेगी। स्पूतनिक ने हाई स्पीड ट्रेन के निर्माता सिनारा ग्रुप के उप महानिदेशक एंटोन जुबिखिन के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 2027 में बन कर तैयार हो जाएगी। यह प्रमाणन के लिए जाएगी, ताकि हमें 2028 में अनुरूपता प्रमाणपत्र प्राप्त हो सके।' श्री जुबिखिन ने कहा कि सिनारा ग्रुप की रेल परिवहन शाखा मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग के बीच एक नई हाई-स्पीड रेल की सेवा के लिए 43 इलेक्ट्रिक ट्रेनें बनाएगी। राज्य रेल कंपनी, रशियन रेलवेज ने अप्रैल में दो हाई-स्पीड ट्रेनों के उत्पादन के लिए सिनारा के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अनुबंध के अनुसार, ट्रेनों की आपूर्ति मार्च 2028 के अंत तक होने की उम्मीद है।

मास्को पहुंचने पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत

मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। श्री मोदी का विमान स्थानीय समयानुसार पौने तीन बजे मॉस्को के वनुकोवो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरा। रूसी सरकार ने उन्हें दुर्लभ सम्मान देते हुए प्रथम उप प्रधानमंत्री श्री मंतुरोव को श्री मोदी की अगवानी के भेजा। श्री मोदी को रूसी सशस्त्र सेनाओं की एक संयुक्त टुकड़ी ने सलामी गारद पेश की और इसके बाद श्री मंतुरोव श्री मोदी के साथ एक ही कार में सवार हो कर होटल के लिए रवाना हो गये।

नीट पेपर लीक विवाद : सीबीआई से अबतक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट तलब

सुप्रीम कोर्ट ने माना भंग हुई परीक्षा की पवित्रता

● **11 जुलाई को होगी मामले की अगली सुनवाई**

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा मामले पर सुनवाई करते हुए सीबीआई से अब तक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, यह तो स्पष्ट है। अगर परीक्षा वाले दिन ही बच्चों को पेपर मिला था और उसे याद किया गया, इसका मतलब पेपर केवल स्थानीय स्तर पर ही लीक हुआ था। लेकिन अगर हमें यह पता नहीं चलता कि कितने स्टूडेंट इसमें शामिल थे, तब दोबारा परीक्षा का आदेश देना पड़ेगा। मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि पेपर लीक कैसे हुआ। अगर सोशल मीडिया के जरिए हुआ, इसका मतलब व्यापक पैमाने पर पेपर लीक हुआ होगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि पेपर सेटिंग की पूरी प्रक्रिया क्या होती है। प्रिंटिंग प्रेस में कैसे और किसके साथ भेजा गया। प्रेस से बैंक में कैसे भेजा गया। इससे पता लगाने में आसानी होगी कि पेपर कहां से लीक हुआ। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक हुआ है, इसमें दो राय नहीं है। अब यह देखना है कि यह कैसे हुआ है और कितना हुआ है। चीफ जस्टिस ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि अगर परीक्षा कैंसल नहीं होती तो धांधली से पास हुए स्टूडेंट्स को कैसे चिन्हित करेंगे। उनको पता करने के लिए क्या किया गया है।

लाभार्थियों की पहचान करने के लिए सरकार ने अब तक क्या किया?

चीफ जस्टिस ने सीबीआई से अब तक की हुई जांच पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बीच आप लोग आपस में मिल बैठकर एकराय कर लें। हम संविधान पीठों की तरह एक नोडल एडवोकेट नियुक्त कर सकते हैं ताकि वो सभी पक्षकारों के लिखित दलीलों को संग्रहित कर कोर्ट के सामने रख सके। कोर्ट ने कहा कि हम सरकार से ये जानना चाहते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों की पहचान करने के लिए अब तक क्या किया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि सौ फीसदी अंक 67 छात्रों को मिले हैं। हमें इस बात को भी समझना होगा की मार्क्स देने का पैटर्न क्या है। कोर्ट ने कहा कि अगर एक बार के लिए हम यह मान लें कि हम परीक्षा रद्द नहीं करते हैं तो धोखाधड़ी के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या किया जा रहे हैं। चीफ जस्टिस ने मेहता से कहा कि आप सरकार से पूछ कर बताइए क्या हम साइबर फोरेंसिक विभाग में डेटा एनालिटिक्स प्रोग्राम के माध्यम से यह पता नहीं लगा सकते हैं क्योंकि हमें यह पहचानना है कि क्या पूरी परीक्षा प्रभावित हुई है। क्या गलत करने वालों की पहचान संभव है। उस स्थिति में केवल उन छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा का आदेश दिया जा सकता है।

क्यों नहीं हो रही प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राजेश कुमार सिंह के द्वारा विद्युत विभाग में इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत उच्च पदों पर नियुक्ति के लिए दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मौखिक रूप से पूछा कि विज्ञापन जारी कर कुशल लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही? आईएएस अधिकारियों व अन्य अफसरों को पदभार देकर क्यों काम चलाया जा रहा है? अदालत अब इस मामले में 24 जुलाई को सुनवाई करेगा। राजेश कुमार ने अपनी जनहित याचिका में मांग की है कि बिजली बोर्ड में उच्च पदों पर प्रोफेशनल लोगों की नियुक्ति इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत की जानी चाहिए। इस मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई।

हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार : 11 मंत्रियों ने ली शपथ, तीन नये चेहरे शामिल

चंपाई कैबिनेट में शामिल, बादल पत्रलेख और बसंत सोरेन बाहर

संवाददाता

रांची। झारखंड की सियासी गतिविधियों के बीच सोमवार को फ्लोर टेस्ट में पास होने के बाद हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। राजभवन में आयोजित शपथ समारोह में इस बार तीन नये चेहरों को मौका मिला है। कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी और झामुमो के बैद्यनाथ राम को कैबिनेट में जगह दी गयी है। पिछली बार चंपाई सोरेन की कैबिनेट से बैद्यनाथ राम को किनारा कर दिया गया था। लेकिन हेमंत कैबिनेट में उनको जगह मिल गयी। वहीं चंपाई कैबिनेट में शामिल रहे बादल पत्रलेख और बसंत सोरेन को साइड लाइन कर दिया गया।

इरफान अंसारी को आलमगीर आलम की जगह मिली है। वहीं दीपिका पांडेय सिंह को बादल पत्रलेख की जगह मिली है। सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनियता की शपथ ली। चंपाई सोरेन के बाद रामेश्वर उरांव, राजद के इकलौते विधायक सत्यानंद भोक्ता, बैघनाथ राम, दीपक बिरूआ, बन्ना गुप्ता, इरफान अंसारी, मिथलेश ठाकुर, बेबी देवी और दीपिका पांडे सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली।

इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

झामुमो कोटे से
चंपई सोरेन
दीपक बिरूवा
मिथिलेश कुमार ठाकुर
हफीजुल हसन
बेबी देवी
बैद्यनाथ राम

कांग्रेस कोटे से
दीपिका पांडे सिंह
रामेश्वर उरांव
बन्ना गुप्ता
डॉ इरफान अंसारी

राजद कोटे से
सत्यानंद भोक्ता

झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र

हेमंत सोरेन ने हासिल किया विश्वास मत, पक्ष में पड़े 45 मत, विपक्ष में शून्य

रांची। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सोमवार को हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट पास कर गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने झारखंड विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया है। इस दौरान भाजपा का हंगामा जारी रहा। हंगामा कर रहे भाजपा के विधायक सदन से वाक आउट कर गये।

81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में विश्वासमत के प्रस्ताव के पक्ष में 45 और विपक्ष में शून्य मत पड़े। प्रस्ताव के पक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के 27, कांग्रेस के 17, राष्ट्रीय जनता दल के एक और सीपीआई विधायक के एक वोट पड़े।

जेएमएम से निष्कासित नेता चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम ने भी सरकार को समर्थन दिया। जेपी पटेल एब्सेंट रहे। सरयू राय तटस्थ रहे। वहीं मनोनीत विधायक जेपी गॉलस्टेन ने भी सरकार का समर्थन किया। विश्वास मत के पक्ष में 45 वोट पड़े। विपक्ष के वाक आउट के बीच हेमंत सोरेन ने विश्वास मत हासिल किया।

हेमंत सोरेन ने 11 मंत्रियों के विभागों का किया बंटवारा

संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 11 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। इसकी अधिसूचना भी सोमवार को जारी कर दी गई है। इस बंटवारे में मंत्री हफीजुल हसन का कद बढ़ा है। इन्हें चार-चार विभाग का दायित्व दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को स्वास्थ्य के अतिरिक्त खाद्य आपूर्ति का भी जिम्मा दिया गया है। आलमगीर आलम के सारे विभाग इरफान अंसारी को दे दिया गया है।

हेमंत सोरेन : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास कार्मिक, गृह (कारा सहित), पथ निर्माण, भवन निर्माण और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य सहित) अपने पास रखे हैं। उनके पास वे सभी विभाग रहेंगे, जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं।

चंपाई सोरेन : जल संसाधन विभाग,उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

डॉ रामेश्वर उरांव : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ रामेश्वर उरांव को एक बार फिर वित्त मंत्री बनाया गया है। वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग, संसदीय कार्य विभाग।

सत्यानंद भोक्ता : राष्ट्रीय जनता दल के नेता सत्यानंद भोक्ता को एक बार फिर श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। उनको उद्योग विभाग का भी मंत्री बनाया गया है।

बैद्यनाथ राम : हेमंत सोरेन की सरकार में पहली बार मंत्री बने झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बैद्यनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया गया। वह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग भी देखेंगे।

दीपक बिरुवा : दीपक बिरुवा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग का मंत्री बनाया गया है। वह परिवहन विभाग के भी मंत्री बनाए गए हैं।

बन्ना गुप्ता : बन्ना गुप्ता को पहले की तरह स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का मंत्री बनाया गया है। उनको खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इरफान अंसारी : झारखंड सरकार में पहली बार मंत्री बनने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग का मंत्री बनाया गया है।

मिथिलेश ठाकुर : गढ़वा के विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को हेमंत सोरेन की सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का मंत्री बनाया गया है।

हफीजुल हसन : हफीजुल हसन को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। वह नगर विकास एवं आवास विभाग के भी मंत्री होंगे।

बेबी देवी : बेबी देवी को हेमंत सोरेन की कैबिनेट में इस बार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया है। पहले उन्हें उत्पाद विभाग का मंत्री बनाया गया था।

दीपिका पांडेय : पहली बार मंत्री बनी दीपिका पांडेय सिंह को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग दिया गया है।

आतंकी हमले में दो जवान घायल

एजेंसी

कठुआ। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की पहाड़ी तहसील बिलावर के लोहाई मल्हार ब्लॉक में सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला किया है। जिसमें सेना के दो जवानों के घायल होने की सूचना है। सेना की जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमें मौके पर पहुंची हैं।

● **सेना के वाहन को बनाया निशाना**

जानकारी के अनुसार कठुआ जिले के मछेड़ी इलाके में सोमवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मछेड़ी इलाके में सेना के एक दल पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जिसके जवाब में गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, सुरक्षाबलों की अतिरिक्त टीमें भी मौके पर पहुंची हैं और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

लातेहार में हथियार के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

संवाददाता

लातेहार। लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जेजेएमपी के दो नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने चार देसी बंदूक और एक जिंदा गोली भी बरामद की है। गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरातू गांव निवासी अब्दुल कादरी और बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी राहुल यादव शामिल है।

सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नक्सली गारू थाना क्षेत्र के पतरातू जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। इस सूचना के बाद महुआडांड़ डीएसपी हिमांशु चंद्र मांझी के निर्देशन में थाना प्रभारी सोनू कुमार ने एक टीम बनाकर छापामारी की। पुलिस को देखकर नक्सली घटनास्थल से भागने लगे। इनमें दो नक्सलियों को पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि अन्य नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार नक्सलियों कि निशानदेही पर पुलिस ने छापामारी कर चार बंदूक और एक जिंदा गोली भी बरामद किया।

एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार नक्सलियों से जो सूचना मिली उसके अनुसार जेजेएमपी नक्सली संगठन में ये लोग नए-नए शामिल हुए थे। गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई की योजना भी बना रही है।

उपलब्धि | बनारसी साड़ी को जीआई टैग मिलने से विश्व में मिली नई पहचान

काशी की बनारसी साड़ी अंबानी परिवार की शादी में बिखेरेगी रंग

एजेंसी

वाराणसी। काशी की जीआई और ओडीओपी उत्पाद बनारसी साड़ी अंबानी परिवार की शादी में रंग बिखेरेगी। काशी की इस प्राचीन कला को जीआई टैग मिलने से विश्व में बनारसी साड़ी को अलग ही पहचान मिली है।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार द्वारा बनारसी साड़ी को वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट में शामिल करने से काशी के कारीगरों का हुनर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ान भर रहा है। बनारसी साड़ी को नई पहचान मिलने के बाद इसकी ख्याति और बढ़ती जा रही है। फिल्म इंडस्ट्री हो या देश दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक घराने, बनारसी साड़ी सबको खूब भाती है। वहीं बेटे की शादी के लिए नीता अंबानी ने भी इसी खास बनारसी साड़ी का ऑर्डर दिया है।

● **योगी सरकार ने बनारसी साड़ी को ओडीओपी में शामिल कर काशी के कारीगरों के हुनर को दी अंतरराष्ट्रीय उड़ान**

● **जीआई और ओडीओपी उत्पादों के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं पीएम मोदी और सीएम योगी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआई उत्पाद व वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के ब्रांड अंबेसडर के रूप में देश के शिल्पियों के हुनर को नया बाजार दिया है। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घरानों में शुमार मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी अपने बेटे की शादी के लिए यह साड़ी खरीदने कुछ दिन पहले बनारस पहुंची थीं। नीता अंबानी साड़ी की दुकान से लेकर बुनकर के घर तक गईं। उन्होंने करघे पर बुनकरों की बुनाई करते हुए कारीगरी को भी देखा। साथ ही बनारसी साड़ी के कारीगरों से इसकी बारीकियां भी समझीं।

जीआई एक्सपर्ट पद्मश्री डॉ रजनीकांत ने बताया कि जीआई टैग की बनारसी साड़ी 100 प्रतिशत हैंडलूम और सिल्क की होती है। नीता अंबानी ने पसंद किया है। अब अंबानी परिवार की ओर से बनारसी साड़ी को पसंद किये जाने से दुनिया में इसका आकर्षण बढ़ेगा। बनारसी परंपरागत वस्त्रों के साथ ही जीआई और ओडीओपी उत्पादों के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ हैं, जिन्होंने इसका विस्तार पूरी दुनिया में किया है।

बेटे की शादी के लिए नीता ने दिया है ऑर्डर

नीता अंबानी ने बेटे की शादी के लिए ढेर सारी बनारसी साड़ियों का आर्डर दिया है। साड़ी के व्यापारी और एक्सपोर्टर प्रवीण अग्रवाल बताते हैं कि बनारसी साड़ी को जीआई उत्पाद में शामिल होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसे ओडीओपी में शामिल करने से पुरातन कला और बुनकरों को नया जीवन मिला है। अंबानी परिवार की इस शादी में जब बनारसी साड़ी पहनी जाएगी, तब इसकी चर्चा पूरी दुनिया में फिर से होगी। इससे बनारसी साड़ी का बाजार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फलक छुएगा।

सुविधा साड़ी के मालिक और युवा उद्यमी अमित शेवारामानी बताते हैं कि मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में विश्व भर के उद्योगपति, सेलिब्रटी और विभिन्न क्षेत्रों के शीर्षस्थ लोगों के बीच बनारसी साड़ी को एक बार फिर नई बुलंदी और हुनरमंद कारीगरों को काम मिलेगा।

ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

जारी रहेगी संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है।

दरअसल, 5 मार्च को कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला।

उल्लेखनीय है कि ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। हाई कोर्ट में ईडी ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी जिसके बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपा गया।

मध्यवर्गीय परिवारों को केंद्र से है आर्थिक मामलों में राहत की आस

जुलाई 2024 माह में शीघ्र ही केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णकालिक बजट पेश किया जाने वाला है। हाल ही में लोक सभा के लिए चुनाव भी सम्पन्न हुए हैं एवं भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंप दी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे।

अब केंद्र सरकार में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण शीघ्र ही केंद्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है।

भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान विकास की दर को तेज करने के चलते ही लगभग 25 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर उठ पाए हैं एवं करोड़ों नागरिक मध्यवर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। अब भारत में गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है। आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैंकों, उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैंकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी। कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दिखी है। केंद्र का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 फीसद से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है। पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते संभव हो पा रही है।

भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार भी नागरिकों, करदाताओं पर करों का बोझ केवल उतना ही होना चाहिए जितना एक मधुमक्खी किसी फूल से शहद लेती है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में यदि खर्च करने के लिए अधिक राशि पहुंचती है तो वह विभिन्न उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देता है इससे इन उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है और इन उत्पादों का उत्पादन बढ़ता है। उत्पादन बढ़ने से रोजगार के नए अवसर अर्थव्यवस्था में निर्मित होते हैं एवं कम्पनियों द्वारा विनिर्माण इकाईयों का विस्तार किया जाता है तथा निजी क्षेत्र में भी पूंजीगत निवेश बढ़ता है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के चक्र को बढ़ावा मिलता है जो अंततः देश के कर संग्रहण में भी वृद्धि करने में सहायक होता है।

मध्यवर्गीय परिवार के आय कर में कमी करने से बहुत सम्भव है कि भारत में औपचारिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिले। क्योंकि कई देशों में यह सिद्ध हो चुका है कि कर की राशि को कम रखने से औपचारिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है इससे कर की दर को कम करने के उपरांत भी कर संग्रहण में वृद्धि होते हुए देखी गई है। ऐसा कहा जाता है कि भारत में अभी भी अनऔपचारिक अर्थव्यवस्था औपचारिक अर्थव्यवस्था के करीब करीब बराबरी पर ही चलती हुए दिखाई देती है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में आर्थिक व्यवहारों के भारी मात्रा में डिजिटलीकरण करने के उपरांत भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में बहुत मदद मिली है और इसी के चलते ही वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रतिमाह के स्तर पर पहुंच सका है। अतः कुल मिलाकर देश में मध्यवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेज गति से आगे बढ़ेगी देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

बदइंतजामी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती मिड डे मील योजना!

मनोज कुमार अग्रवाल

देश भर के बच्चों के लिए पोषक आहार उपलब्ध कराने और गरीब बच्चों को शिक्षा के लिए आकर्षित करने के लिए मिड डे मील योजना शुरू की गई थी। मिड-डे मील अर्थात दोपहर का भोजन योजना विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क खाद्य वितरण योजना है जिसकी शुरूआत 1995 में गरीब बच्चों को स्कूलों की ओर आकर्षित करने के लिए की गई थी।

तब अधिकांश राज्यों ने इसके अंतर्गत लाभार्थियों को कच्चा अनाज देना शुरू किया था पर 28 नवम्बर, 2002 को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश पर बच्चों को पका कर भोजन देना शुरू किया गया।अधिकतर बच्चे खाली पेट स्कुल पहुँचते हैं, जो बच्चे स्कूल आने से पहले भोजन करते हैं, उन्हें भी दोपहर तक भूख लग जाती है और वे अपना ध्यान पढाई पर केंद्रित नहीं कर पाते थे।

देशभर में राज्य / केंद्रशासित प्रदेशों में मिड डे मील योजना के अंतर्गत 25.7 लाख रसोइया सहायकों को काम दिया गया। इन सहायकों को इस कार्य के लिए दिए गए मानदेय को संशोधित कर 01 दिसंबर 2009 से 01 हजार रुपये प्रति माह कर दिया गया। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1500 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाता है तथा साल में कम से कम 10 महीने कार्य दिया गया। मध्याह्न भोजन योजना स्कूल में भोजन उपलब्ध कराने एवं बच्चों के समुचित पोषण देने का सबसे अच्छी योजना है। जिसके अंतर्गत रोजाना सरकारी सहायता प्राप्त 11.75 लाख से अधिक स्कूलों के 10.8 करोड़ बच्चे शामिल हैं।एक अच्छी योजना होने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा इसे लागू करने और भोजन पकाने में लापरवाही तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी नियमों की अनदेखी के चलते यह योजना वरदान की बजाय अभिशाप सिद्ध हो रही है।दरअसल मिड डे मील योजना के क्रियान्वयन में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। स्थिति यह है कि देश की दूसरी योजनाओं की तरह ही इस योजना में भी भारी भ्रष्टाचार के चलते बच्चों का पोषण आहार स्कूल प्रधानाचार्य और विभाग की सेहत दुरूस्त करने का काम कर रहा है। आए दिन ऐसा देखा गया है कि मिड डे मील बनाने की स्कूलों में सही व्यवस्था नहीं है मिड डे मील बनाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते हैं कई बार स्कूल टीचर ही मील पकाते है यहाँ तक कि बर्तन साफ करने का काम बच्चों से कराया जाता है। ऐसे हालात में आसानी से समझा जा सकता है कि इस योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। कई बार देखा गया है कि मिड डे मील पकाने के काम से बचने के लिए कथित स्वयं सेवी संस्थाओं यानी एनजीओ को बच्चों को मिड डे मील वितरण करने का काम सौंप दिया जाता है। ये एनजीओ भी बच्चों को मिलने वाले मील में कटौती कर अपनी जेब भरते हैं।

देशभर में सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में चल रही मध्याह्न भोजन योजना (मिड-डे-मील) का नाम बदलकर अब 'पीएम पोषण' योजना कर दिया गया है. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक कैबिनेट बैठक में इसे लेकर अपनी मंजूरी दी। केंद्र सरकार अगले पांच साल में इस योजना पर 1.31 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी, जिससे 11.5 लाख सरकारी और सह-सरकारी स्कूलों के करीब 11.80 करोड़ बच्चों को सीधा लाभ मिलने का दावा है।

इस बदलाव के बावजूद अब आए दिन ऐसे समाचार आते रहते हैं कि मिड-डे मील में सब्जियों के साथ ही सांप, कीड़ों, चींटियों, छिपकलियों आदि का पाया जाना आम हो गया है चालू वर्ष के दौरान भी इस तरह की अशुद्ध मिड डे मील वितरण की घटनाओं की झड़ी लगी है। आप को बता दे कि 22 फरवरी, 2024 को मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) के 'हलिया' ब्लाक के 'उमरिया' स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील के अंतर्गत परोसा गया भोजन खाने से 13 बच्चों की हालत खराब होने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भोजन की जांच करने पर आलू-गोभी-मटर की सब्जी में मरी हुई छिपकली पाई गई थी। 22 फरवरी को ही कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील खाने के बाद 17 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और वे पेट दर्द से रोने-चिल्लाने लगे। 13 मार्च को अररिया (बिहार) जिले के एक स्कूल में मिड-डे मील में परोसा गया जहरीला भोजन खाने से 100 बच्चे बीमार पड़ गए।इसी तरह 23 मार्च को 'गरियाबंद' (छत्तीसगढ़) जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील में छात्रों को परोसी जाने वाली सोयाबीन की 'वड़ी' में कीड़े (फफूंद और घुन) निकलने की शिकायत सामने आई। 24 मई को औरंगाबाद (बिहार) में उरुथुवा स्थित सरकारी मिडल स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 102 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। कुछ बच्चे उल्टी करने लगे और कुछ के पेट में दर्द शुरू हो गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और परोसे गए चावल में उबल कर मरी हुई छिपकली देखी गई 25 जून को मुजफ्फरपुर (बिहार) में 'मिठन सराय 'स्थित एक सरकारी स्कूल में बच्चों के मिड-डे मील में कीड़े देखे गए। आरोप है कि बच्चों के आपत्ति करने पर स्कूल की प्रधान अध्यापिका ने कीड़ों को 'जीरा' बताते हुए खाने को कहा. 4 जुलाई को बक्सर (बिहार) जिले के 'पांडेय पट्टी' विद्यालय में दाल और सब्जी के साथ परोसे गए चावल में कीड़े निकलने पर बच्चों ने उस भोजन को खाने से इंकार कर दिया और फेंक दिया। 4 जुलाई को ही सांगली (महाराष्ट्र) जिले में एक आंगनबाड़ी स्कूल में बच्चों के लिए भेजे गए मिड-डे-मील के पैकेट में एक छोटा मरा हुआ सांप मिला। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में आंगनबाड़ी में 6 महीने से 3 वर्ष तक के बच्चों को पैकेट में बंद मिड-डे मील दिया जाता है जिसमें दाल और खिचड़ी का मिश्रण होता है। और अब 6 जुलाई को मंडला (मध्य प्रदेश) जिले के गांव 'बकछेरा दौना' के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए भेजे गए मिड-डे मील का ढक्कन खोलते ही कमरे में बदबू फैल गई। चावल में कीड़े एवं चींटियां पड़ी हुई थीं। दाल में पानी के सिवा कुछ नहीं था और पूरा खाना सड़ा हुआ एवं इतना बदबूदार था जैसे 4-5 दिन पहले बनाया गया हो।

हालांकि बच्चों को परोसने से पहले भोजन को एक अध्यापक सहित 2 वयस्कों द्वारा खा कर जांचना और कच्चे सामान व बर्तनों आदि की शुद्धता के नियमों का पालन करना जरूरी है परन्तु अधिकांश मामलों में इन नियमों का पालन ही नहीं किया जाता। इसी कारण मिड-डे वाली लापरवाही के चलते गंभीर समस्याएं भी पैदा हो रही हैं।

यहां गौर तलब है कि 2014 के बाद से मिड-डे-मील का बजट सरकार कम करती जा रही है जबकि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में खाद्यान के अतरिक्त यानि गेहूं और चावल के अलावा यूपी में देखें तो प्राइमरी के कक्षा एक से पांच तक पढ़ने वाले एक बच्चे के लिए भोजन पर 4 रुपये 97 पैसे देती है और जूनियर के कक्षा से 8 तक के पढ़ने वाले एक बच्चे के लिए 7 रुपये 45 पैसे देती है। इतने कम पैसे में आप बच्चों को कौन सा पोषण खाना दे पाएंगे। सरकार ने सिर्फ पोषण नाम रखा है पर पोषण भोजन देने को तैयार नहीं है। अलग-अलग राज्य में ऐसे ही बजट का प्रावधान है। मिड-डे-मील के तहत तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा, बंगाल और झारखंड जैसे राज्य अपने यहां बच्चों को ठीक-ठीक भोजन दे रहे हैं। यहां सप्ताह में कोई दो तो कोई तीन से चार दिन बच्चों को भोजन के साथ अंडे देते हैं और पौष्टिक आहार दिया जा रहा है, लेकिन यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में इस तरह की सुविधा नहीं मिल रही है। हम लोग लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि बच्चों को पौष्टिक भोजन के लिए अंडे, काले चने, हरी सब्जियों और दूध को शामिल किया जाए। यूपी में सप्ताह में एक दिन एक फल के नाम पर सिर्फ केला और एक दिन 150 मिली। दूध दिया जाता है. इससे कैसे बच्चों को बेहतर पोषण हो सकेगा?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

'बोरसी भर आंच' पर चर्चा और 'इश्क इतवार नहीं' पुस्तक का विमोचन

यतीश कुमार

साहित्य बेहतर मनुष्य का निर्माण करता है। उसे ज्यादा विनम्र, ज्यादा संवेदनशील बनाता है। साहित्य मिट्टी से और पीड़ा से जुड़ना सिखाता है। मैं बेहतर मनुष्य बनने की यात्रा करते हुए साहित्य की शरण में आया। यह विचार गांधी आश्रम छतरपुर में आयोजित लेखक युवा संवाद कार्यक्रम में 1996 वैच के आईआरएस अफसर युवा कवि-कथाकार यतीश कुमार ने व्यक्त किए। "बोरसी भर आंच" कृति के लेखक ने पाठकों और युवाओं के सवालों के जवाब में कहा कि मेरी पृष्ठभूमि हिंदी भाषा के विद्यार्थी की नहीं रही है, मैं 40 की उम्र में हिंदी भाषा और साहित्य से एक पाठक की तरह जुड़ा। प्रबंधन की दुनिया से साहित्य और लेखन की दुनिया में मुझे मेरी पत्नी स्मिता खींच लाई और डायरी लिखने की मेरी आदत ने मुझे लेखक बनाया। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप हमेशा बालकनी से देखो, सड़क को सड़क से मत देखो। सड़क से अगले मोड़ के बाद सड़क कहां जा रही है वो भी नहीं दिखेगा।

आपने कहा कि निराशा के चाहे कितने ही कारण हों, जीवन जीने के लिए है, विसर्जित करने के लिए नहीं। आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जोखिम उठाने पड़ते हैं। जीवन निराशाओं और अपेक्षाओं से ऊपर है । जीवन का अपना सौंदर्य है। हम उसे पहचानें और जी भर कर जिएं। राष्ट्रीय युवा संगठन और सर्व सेवा संघ के युवा सेल के प्रदेश स्तरीय युवा शिविर के दौरान मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की प्रदेश एवं जिला इकाई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रसिद्ध विचारक, लेखक कुमार प्रशांत ने किया। पूर्व आईएएस वरिष्ठ कवि-कथाकार राजीव शर्मा और वरिष्ठ लेखक, संपादक प्रो. बहादुर सिंह परमार ने विशिष्ट अतिथि की आसंदी से पुस्तक पर अपनी राय साझा की। मप्र गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष, युवा कवि संतोष कुमार द्विवेदी ने इस सत्र का संचालन किया।

वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर बहादुर सिंह परमार ने कहा कि "बोरसी भर आंच" आत्मकथा व संस्मरण से परे एक अलग ही विधा है। इसमें जीवन की खुरदुरी सच्चाइयों को साझा किया गया है, उन्होंने कहा कि इस कृति को पढ़ने के बाद ऐसा लगता है कि यह कहानी केवल यतीश बाबू की नहीं बल्कि हम सब

की है। पूर्व आईएएस एवं वरिष्ठ कवि-कथाकार राजीव शर्मा ने कहा कि सत्ता के पंडों ने साहित्य को जो नुकसान पहुंचाया है उसकी भरपाई लेखन में ईमानदारी से ही की जा सकती है। अगर आपके हाथ में कलम है तो संसार में आप से बड़ा नायक कोई नहीं है। इस नायक से लड़ पाने और जीत पाने के लिए मैं यतीश कुमार को बधाई देता हूं।

इसके पूर्व इस कृति पर पाठकनामा में अपना अभिमत रखते हुए महेश अजनबी ने कहा कि बोरसी की आंच में यतीश कुमार ने स्त्री विमर्श को एक बहन के भाई और एक मां के बेटे के रूप में बेबाकी से लिखा है। यह किताब कविता से कहानी के बीच के सफर में लिखी गई है इसलिए इसमें कहानी के चरित्र और उसकी भावनाओं का अप्रतिम संयोग उभरता है।

अंकित मिश्रा ने कहा कि बोरसी भर आंच में सत्य का ताप आपको स्पर्श करता है तो सत्य को इतने खुले रूप में कहने का साहस चमत्कृत। निदा रहमान ने कहा कि यह पुस्तक अंतर्संबंधों की ताकत से परिचित कराती है। बड़ी बहन का जिम्मेदारी उठाते उठाते मां की भूमिका में आ जाना बहुत ही रोचक है।

'इश्क इतवार नहीं' कविता संग्रह का विमोचन

आयोजन के दूसरे भाग में निदा रहमान के कविता संग्रह "इश्क़ इतवार नहीं" का विमोचन हुआ। विमोचन में निदा की अम्मी जुबैदा खातून और अब्बा अब्दुल रहमान की शिरकत ने आयोजन को रोचकता और गरिमा प्रदान की। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि यतीश कुमार ने इस संग्रह के प्रति अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि निदा नाम आते ही मन में एक उम्मीद जागती है। यह नाम और लिखना वह भी इश्क पर लिखना बड़ी जिम्मेदारी का काम है। निदा के संग्रह में इश्क के कई पहलू मौजूद हैं। निदा का इश्क अधूरे वादों का मुकम्मल ख्वाब है। इस पुस्तक में ढेर सारा लम्हा है जिसे हर पाठक पढ़ते हुए जी सकता है । प्रो. बहादुर सिंह परमार ने कहा कि यह संग्रह प्रेम के अनिवार्य होने की बात कहता है। इस पुस्तक में प्रेम यात्रा पर है और निदा प्रेम की बात करते हुए उसके साथ चलते चलते दूर तक पहुंचने की उम्मीद जगाती है। मुझे उम्मीद है कि निदा की साहित्यिक यात्रा दूर तक जाएगी। राजीव शर्मा ने कहा कि इश्क़ को लव जिहाद कहने वाले इस युग में प्रेम का फूल खिलाने के इस साहस पूर्ण प्रयास को बधाई।

अध्यक्षीय उद्बोधन में गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत ने कहा कि शब्द का आपके साथ क्या रिश्ता है यह समझ बनाने के लिए राष्ट्रीय युवा संगठन शिविर आयोजित करता है। इसलिए युवा शिविर के दौरान इस साहित्यिक आयोजन की संगति भी है और प्रासंगिकता भी। गांधी ने प्रेम के व्यापक रूप को सिखाने में जान गंवा दी। इसलिए प्रेम शब्द के साथ रिश्ता जोड़ने और तमाम खतरे उठाने की हिम्मत ही आदमी को आदमी बना सकती है।

अपनी रचनाओं के संदर्भ में निदा रहमान ने कहा मैं इश्क़ की एक्सपर्ट नहीं हूं लेकिन प्रेम की भावाभिव्यक्ति में जिस अनुभूति, संवेदना और समर्पण की जरूरत है वह इस संग्रह में प्रकाशित हुआ है। प्रेम मनुष्य को मनुष्य बनाता है इसलिए उसमें छुट्टी या इतवार की गुंजाइश नहीं। विमोचन के इस सत्र का संचालन नीरज खरे ने किया। राष्ट्रीय युवा संगठन और हिन्दी साहित्य सम्मेलन के इस संयुक्त आयोजन में गांधी स्मारक निधि दिल्ली के सचिव संजय सिंह, दमयंती पाणी, राष्ट्रीय युवा संगठन के राष्ट्रीय संयोजन समिति की सदस्य प्रेरणा देसाई, सर्व सेवा संघ की युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक भूपेश भूषण, प्रांतीय संयोजक शिवकांत त्रिपाठी, सुरेंद्र अग्रवाल, आभा खरे, उर्मिला अहिरवार, संजय जैन, प्रभात तिवारी, शिवेंद्र शुक्ला, शंकर सोनी सहित शहर के समाजसेवी और साहित्यकार उपस्थित रहे। विमोचन सत्र का संचालन मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की छतरपुर जिला इकाई के अध्यक्ष नीरज खरे ने किया।

'जादोपटिया पेंटिंग' के साथ 'संताल भित्तिचित्रों' को नया आयाम दे रही हैं दुमका की नीलम नीरद

डॉ. सिकंदर कुमार

जनजातीय 'जादोपटिया' चित्रकला शैली की प्रख्यात कलाकार नीलम कुमारी उर्फ नीलम नीरद संतालों के भित्तिचित्रों को भी नया आया दे रहे हैं। वह मूलतः 'जादोपटिया पेंटिंग' की कलाकार हैं। इस पेंटिंग के साथ-साथ संतानों के घरों की दीवारों पर परंपरागत रूप से बनाये जाने वाले चित्रों का भी वह अध्ययन, सर्वेक्षण, संग्रह और उनके नवोन्मेष के लिए काम कर रही हैं। वह दुमका के दुधानी मुहल्ला स्थित कमलाबाग कॉलोनी की निवासी हैं और कला-क्षेत्र में समर्पित भाव से सक्रिय हैं।

नीलम नीरद आदिवासी गांवों में जाती हैं और संतालों के घरों की दीवारों पर बनाये गये चित्रों का बारीकी से अध्ययन करती हैं। वह उन चित्रों को बनाने वाली महिलाओं से साक्षात्कार करती हैं। उनसे चित्र बनाने की विधि, रंगों के प्रयोग की विधि, चित्र बनाने की अवधारणा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी एकत्र करती हैं। इसके लिए उन्होंने बजाप्ता सर्वे प्रपत्र बनाया हुआ है, जिसमें वह इन सभी जानकारी को दर्ज करती हैं, दीवारों पर बने चित्रों की फोटोग्राफी कर उनके नमूने संग्रहित करती हैं। वह गांव की दीवारों पर बने चित्रों को उन्हें बनाने वाली महिलाओं के साथ बैठ कर कैनवास पर उतरती भी हैं। गांव के लोगों से बातचीत कर संताल भित्तिचित्र बनाने की परंपरा, उनको लेकर लोगों की सोच और नयी पीढ़ी के लोगों में इसके प्रति रुझान को लेकर विस्तार से जानकारी प्राप्त करती हैं। फिर इन सब का वह डेटा विश्लेषण करती हैं और चित्रों को वर्गीकृत कर उनकी विशेषताओं का विश्लेषण करती हैं। दरअसल, संताल आदिवासी के घरों पर घरों की दीवारों पर चित्र बनाने की परंपरा अत्यंत प्राचीन है । संतानों के लोकगीतों में इन चित्रों का उल्लेख मिलता है, जिसमें यह बताया जाता है कि चाय चंपागढ़ में संतानों का स्वर्ण साम्राज्य था, जिसकी दीवारों पर चित्र बने हुए थे और वह खूबसूरत दीवारें उनकी सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक थीं। आज भी संतालों के घरों की दीवारों पर जब ऐसे चित्रों को उकेरा जाता है, तो इन्हें बनाने वाली महिलाएं, घर में रहने वाले लोग और इन्हें देखने वाले गांव के लोग अपने चाय चंपागढ़ की संस्कृति और विरासत को याद करते हैं।

संताल भित्तिचित्र की रही है सांस्कृतिक परंपरा :

नीलम बताती हैं कि जितना संपन्न संतानों के भित्तिचित्र की परंपरा रही है, आज उतनी ही निराशा यह देख कर होती है कि नयी पीढ़ी में इन चित्रों को लेकर बहुत अधिक आग्रह या गौरवभाव नहीं है। वे इन चित्रों को बनाने के प्रति सजग नहीं है। इसके दो परिणाम मिलते हैं। एक तो यह कि संतल गांव में भी बहुत कम ऐसे घर मिलते हैं, जिनकी दीवारों पर चित्र बनाये गये हो। दूसरा यह कि जहां ऐसे चित्र बनते हैं, उनमें से ज्यादातर घरों की दीवारों पर पूर्व की तरह रचनात्मक और श्रमपूर्ण चित्रांकन नहीं मिलता है, बल्कि उसके स्थान पर समतल दीवार पर रासायनिक रंगों के प्रयोग का प्रचलन बढ़ा है। ऐसे में संतानों के भित्तिचित्रों को बचाने की आवश्यकता है ।

बढ़ रहा है इसके पारंपरिक स्वरूप के विलुप्त होने का खतरा

नीलम बताती हैं कि पहले चित्र बनाने के लिए संतालों के घरों की दीवारों पर मिट्टी का लेप चढ़ाया जाता था।

फिर जो चित्र बनाने होते थे, उनकी आकृति चौक या किसी नुकीली चीज से उकेरी जाती थी और जब दीवार थोड़ी सूख जाती थी, तो किसी धारदार वास्तु या औजार से मिट्टी को काट कर चित्रों को उकेरा जाता था। फिर उनमें खनिज रंगों का प्रयोग किया जाता था। इनमे लाल पीला, कला और सफेद रंग का विशेष रूप से प्रयोग होता था। ये सारे रंग मिट्टी से प्राप्त किये जाते थे यानी इन रंगों की मिट्टी का इस्तेमाल चित्रांकन में किया जाता था। मिट्टी और पुआल की राख के साथ गोबर मिलकर भी दीवारों को लीपा जाता था, ताकि दीवारें मजबूत भी हों और उनमें दरारें ना आएं, लेकिन अब, जबकि पक्के मकान बन रहे हैं, तब दीवारों पर चित्रों को उकेर कर उनके अलंकरण की जगह रासायनिक रंगों के समतल दीवारों पर प्रयोग का प्रचलन बढ़ा है। मिट्टी की दीवारों पर भी अब पहले की तरह चित्र उभार कर उकेरे नहीं जाते हैं, बल्कि सीधे-सीधे रंगों से चित्र बनाये जाते हैं।

संताल भित्तिचित्र को कैनवास पर उतारने का चला रही हैं बड़ा अभियान

नीलम पारंपरिक चित्रों को बचाने का अभियान चला रही हैं। इसके साथ ही संताल भित्तिचित्रों को नीलम कैनवास पर उतर रही हैं। यहां यह बताना बड़ा लाजमी है कि आज जो मधुबनी पेंटिंग है या जो सोहराय और कोहबर पेंटिंग है, यह पहले दीवारों पर बनायी जाती थी। बहुत बाद में इन्हें कैनवास पर उतर गया। संताल भित्तिचित्रों के साथ अभी यह प्रयोग बहुत अधिक नहीं हुआ है यानी संताली घरों की दीवारों पर बने चित्रों को कैनवास पर उतरने का प्रचलन अभी नहीं है । इससे जहां एक ओर यह चित्रकला गांव की दीवारों तक सीमित है, वहीं बदलते परिवेश में उनके लुप्त हो जाने का खतरा भी है।

भित्तिचित्रों को नये स्वरूप में गढ़ रही हैं

नीलम नीरद संतालों के घरों की दीवारों पर बनाये गये चित्रों को नये स्वरूप में ला रही हैं। वह इसे कैनवास, कपड़े, बोर्ड और सजावट एवं घरेलू उपयोग के सामानों पर उकेर रही हैं।

बोड पर संताल भित्तिचित्र का नया स्वरूप

नीलम ने कैनवास पर इन भित्तिचित्रों को उकेरने के साथ-साथ एमडीएफ बोर्ड पर फेविक्रिल क्ले से थ्री-डी चित्र भी उकेर रही हैं, जिसमें बोर्ड पर संतालों के घर की दीवार और उस पर मिट्टी के उभार के साथ बने चित्र का दृश्य भरता है। यह ठीक उसी प्रकार है, जैसा कि पारंपरिक दीवारों पर चित्र करने की विधि प्रचलित रही है। इससे भित्तिचित्र का 3ऊ स्वरूप कैनवास पर उभर रहा है। यह प्रयोग लोगों को बहुत भा रहा है। नीलम इस चित्रों में एक्रेलिक कलर का इस्तेमाल का चित्रों की प्रभावोत्पादका भी बढ़ा रही हैं। नीलम पत्रिकाओं के आवरण पृष्ठ, ग्रीटिंग कार्ड जैसे माध्यमों में भी भित्तिचित्र को उकेर रही हैं। इससे इस पेंटिंग को एक नया आया मिला है। नीलम कहती हैं एक बड़ी संस्कृत धरोहर को बचना उनका मकसद है। संताल भित्तिचित्रण की परंपरा जितनी पुरानी है, इसकी वर्तमान स्थिति उतनी ही निराशाजनक है।

अब तक कई प्रखंडों के गांवों में किया है काम

नीलम नीरद ने संताल परगना को अपने अध्ययन का केंद्र बनाया है और चरणबद्ध ढंग से अलग-अलग प्रखंडों के गांव में जा रही हैं। हाल में ही उन्होंने दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के रांगा, जामा प्रखंड के पांजन, दुमका प्रखंड के गिधनी पहाड़ी, करहरबिल, बागडुबी, बेहराबांक, कुरुवा, कोदो गोहिया, हथियापाथर, कटलिया, बनकटी आदि गांव में जाकर वहां की भित्तिचित्रों का अध्ययन किया और नमूने संकलित कर उन्हें कैनवास पर उतारा है। नीलम ने अब दुमका जिले के रानेश्वर, काठीकुंड और गोपीकंदर तथा जामताड़ा जिले के नाला और जामताड़ा प्रखंड के आदिवासी गांव में भी सर्वेक्षण, नमूना संग्रह और चित्रों को कैनवास पर उतरने का कार्य किया है। बेशक, नीलम एक बड़े अभियान में लगी हुई हैं और एक ऐसी विषय पर काम कर रही हैं, जिस पर समकालीन कलाकारों का ध्यान नहीं गया है। वह इस अभियान काक आगे बढ़ाना चाहती हैं, ताकि जिस प्रकार से मधुबनी पेंटिंग, सोहराय पेंटिंग, पिथोरा और बरली पेंटिंग दीवारों से कागज, कैनवस, ड्रेस मटेरियल और तमाम तरह के माध्यमों में उतरी हैं, उस प्रकार संतानों का भित्तिचित्र भी व्यापक स्वरूप प्राप्त कर सके।

न्यूट अपडेट

रसद विभाग के राशन डीलरों के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही करने का दिया निदेश

चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर 8 जुलाई को निधि बीटी की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया ! जिसमें कहां कि रसद विभाग के राशन डीलरों के विरुद्ध शिकायतों पर जांच एवं दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही करणी हेतु निर्देशित किया ! उन्होंने कहा कि अवैध रूप से वन भूमि अथवा राजस्व भूमि से मृदा का खनन करने वालों पर शास्ति आरोपित की जाये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग व्यापक रूप से वृक्षारोपण की तैयारियां करें ! एवं लक्ष्य से अधिक से अधिक वृक्ष लगायें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था एवं साफ-सफाई की समुचित मॉनिटरिंग की जाए। जिला कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मौसमी बीमारियों, जल जनित बीमारियां के प्रति तैयारियों के बारे में जानकारी ली एवं आगे आने वाले समय में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार हेतु तैयारियां किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों के सहयोग से मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु उचित प्रबन्ध किये जायें। उन्होंने मचकुण्ड सरोवर पर नागरिक सुरक्षा बलों की नियमित तैनाती एवं सरोवर में प्रवेश चेतावनी चस्पा कराने सहित अन्य उपाये अपनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों एवं जन अभाव अभियोग के प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आर्मी मैन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमले का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

चमकता राजस्थान, जयपुर/जैसलमेर (खलील कुरैशी)। जैसलमेर जिले की सांकड़ा थाना पुलिस ने शादी में शामिल होने घर आए आर्मी मैन पर रविवार रात को सोते समय कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी कुचरे खान उर्फ कुटले खान पुत्र मिश्री खान (33) निवासी भैंसडा को गिरफ्तार किया है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में रविवार को भैंसड़ा निवासी महेश कुमार भार्गव द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसका बड़ा भाई विवेकानंद आर्मी में कार्यरत है। अभी घर में शादी समारोह होने से वह घर आया हुआ था। रात को विवेकानंद और महेंद्र कुमार व चचेरा भाई अनिल कुमार खाना खाकर सो रहे थे। सुबह करीब 4:15 बजे शोर- सुनकर नींद खुली तो देखा कुचरे खान हाथ में धारदार कुल्हाड़ी लेकर उसके भाई विवेकानंद को जान से मारने की नीयत से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर रहा है। हमें देखकर वह मौके से भाग गया रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह भाटी व सीओ भवानी सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ महेश ढाका के नेतृत्व में गठित की गई। टीम द्वारा मात्र 24 घंटे के अंदर हत्या के प्रयास सहित दो प्रकरणों में वांछित मुलजिम कुचरे खान उर्फ कुटले खान को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।आरोपी ने पूर्व की रंजिश को लेकर फौजी पर हमला किया था। इससे पहले अपने घर में सो रही पत्नी पर भी आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया था। जिसके संबंध में थाना सांकड़ा पर अलग-अलग दो प्रकरण दर्ज है। पुलिस मुल्जिम से गहनता से पूछताछ व अनुसंधान कर रही है।

अंकिता कुमावत को मिला गोल्ड मेडल

छात्रा अंकिता कुमावत ने गोल्ड मेडल जीतकर महाविद्यालय व परिवार का किया नाम रोशन : पवन

चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)। अंकिता कुमावत पुत्री महेंद्र कुमावत को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह मे राजस्थान के राज्यपाल द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के सचिव पवन मिश्रा ने छात्रा के गोल्ड मेडल जीतने पर कहा कि छात्रा ने गोल्ड मेडल जीतकर महाविद्यालय परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है छात्रा महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान में फाइनल की नियमित छात्रा है इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव पवन मिश्रा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉक्टर फूलाराम कुमावत ने छात्रा को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ ने खुशी मनाई व छात्रा को शुभकामनाएं दी।

जेडीए ने राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने पर संवेदक के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर

चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)। जेडीए द्वारा पर्यटक सुविधा केंद्र (राजकीय संपत्ति) को नुकसान पहुँचाने पर संवेदक के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज करवाई गई है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि चौड़ा रास्ता स्थित पर्यटक सुविधा केन्द्र जविप्रा द्वारा 10 वर्ष के लिये मैसर्स पिंकसिटी प्रा. लि. को लाईसेंस फीस के आधार पर दिनांक 25.05.2018 को संचालन तथा भवन के रखरखाव के लिये दिया गया था।कोविड काल के बाद संवेदक द्वारा अनुबंध के अनुसार फीस जमा नहीं कराई गईं। जिसके कारण अनुबन्ध को टर्मिनेट कर बन्द पड़े चौड़ा रास्ता स्थित पर्यटक सुविधा केन्द्र का कब्जा जविप्रा द्वारा दिनांक 25.06.2024 को प्राप्त करने के उपरान्त भवन में संवेदक द्वारा राजकीय सम्पत्ति को पहुंचाये गये नुकसान की वसूली हेतु एफ.आई.आर जविप्रा द्वारा पुलिस थाना माणक चौक में दर्ज करवायी गई है।

शिक्षण संस्थानों में हर महीने हो ड्रग्स व नशे के विरूद्ध ई–प्रतिज्ञा : मुख्य सचिव

चमकता राजस्थान

जयपुर, 08 जुलाई। प्रदेश में अवैध ड्रग्स के नियंत्रण और इसके खिलाफ जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न विभागों के साथ मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बैठक की। पंत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में इसके खिलाफ मुहिम चलाई जाए। प्रदेश के सभी निजी और राजकीय विद्यालयों व कॉलेजों में कम से कम महीने में एक बार विद्यार्थियों को ड्रग्स और नशे के विरूद्ध ई–प्रतिज्ञा करवाई जाए, साथ ही इन संस्थानों में लगातार प्रचार–प्रसार करवाकर जागरूकता बढ़ाई जाए।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों पुलिस, मेडिकल, शिक्षा आदि से प्रदेश में अवैध ड्रग्स की वस्तु स्थिति का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में लगाम कसने के निर्देश दिए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के डायरेक्टर श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि राजस्थान के सीमा क्षेत्र खासकर गंगानगर जैसे जिलों में ड्रोन के माध्यम से अवैध ड्रग्स की आपूर्ति की जा रही है इस संबंध में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि ऐसे क्षेत्रों में एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए जाने चाहिए जो कि कुछ क्षेत्रों में लग भी चुके हैं इन्हें और अधिक सशक्त कर सीमा क्षेत्र को सुरक्षित किया जाना चाहिए। पंत ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि ऐसी लैब जहां अवैध और आवश्यकता से अधिक केमिकल और ड्रग्स बन रहे हैं उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके विरुद्ध जागरूकता के लिए संबंधित विभागों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रचार–प्रसार किया जाए। पंत ने बताया कि राज्य पुलिस द्वारा इसकी पूर्ण रोकथाम के लिए समय-समय पर अभियान चलाये जाने चाहिए। जिससे अवैध ड्रग्स माफिया पर पूर्ण नियंत्रण हो सके। मुख्य सचिव ने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अपना कार्य लगातार करती रहे। अन्य संबंधित विभागण, एनजीओ और अन्य संस्थाओं के माध्यम से लगातार प्रचार–प्रचार भी होता रहे साथ ही प्रदेश में चल रहे हैं नशा मुक्ति केंद्रों का भी समय–समय पर निरीक्षण होता रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं बागवानी वैभव गालरिया, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, शासन सचिव, शिक्षा संकुल, कृष्ण कुणाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह, बीएसएफ, पुलिस महानिरीक्षक सहित संबंधित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

हादसा पीड़ित व्यक्ति अथवा परिजन को मुआवजा दिलाने हेतु अग्रसक्रिय ढंग से कार्य करें विभाग : जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर, 08 जुलाई को जिला कलक्टर निधि बी टी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग को बारिश के मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त एवं ढीले तारों और टूटे खम्भों की त्वरित मरम्मत कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर इत्यादि से हादसा होने पर हादसा पीड़ित व्यक्ति अथवा परिजन को मुआवजा दिलाने हेतु अग्रसक्रिय ढंग से कार्य करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने पीएचईडी को जल जीवन मिशन के कार्यों की सतत समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि पेयजल की इंटेकवेल पर नियमित सैंपलिंग की जाये एवं तय मानकों का ध्यान रखा जाये।

ओलंपिक में 100 मीटर हर्डल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय बनीं ज्योति याराजी

चमकता राजस्थान, मुंबई। भारत की सबसे तेज हर्डलर ज्योति याराजी ने पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर हर्डल्स के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया है। रिलायंस फाउंडेशन की स्टार एथलीट ज्योति याराजी इस स्पर्धा में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष, श्रीमती नीता एम. अंबानी ने कहा, ₹हम रिलायंस फाउंडेशन एथलीट ज्योति याराजी पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ओलंपिक में महिलाओं की 100 मीटर हर्डल्स के लिए क्वालीफाई किया है। ज्योति की यात्रा उनके समर्पण और उनकी यह अद्वितीय उपलब्धि सपनों और कठोर मेहनत की शक्ति का प्रमाण है। वह भारत की युवा पीढ़ी की भावना, प्रतिभा और सहनशीलता को दशार्ती हैं। ज्योति, जो इस स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, ने पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं की 100 मीटर हर्डल्स में रजत पदक जीता था। वह 13वें अंक से नीचे पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं और इस श्रेणी में किसी भारतीय द्वारा अब तक 15 सबसे तेज दौड़ लगाने का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। ज्योति का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है, जिसे उन्होंने इस साल फिनलैंड के मोटोनट जीपी में हासिल किया था। हाल ही में, उन्होंने सीनियर इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।ज्योति याराजी की इस उपलब्धि ने न केवल भारतीय महिलाओं के लिए एक नई राह खोली है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारतीय एथलीटों की बढ़ती उपस्थिति को भी उजागर किया है।

भीलवाड़ा जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

व्यापारी को धमकी दे फायरिंग मामले में 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

जयपुर/भीलवाड़ा (खलील कुरैशी)। भीलवाड़ा जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने शहर के एक व्यापारी को फिरौती के लिए धमकी देकर फायरिंग के मामले में फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी मोहम्मद आफताब उर्फ अकरम उर्फ अक्की पुत्र निसार मोहम्मद (24) निवासी शिव कॉलोनी थाना गंगरार (जिला चित्तौड़गढ़) को गिरफ्तार किया है।एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को वैभव नगर निवासी व्यापारी अर्पित कोठारी द्वारा थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दी गई कि उसके व्हाट्सएप पर सिकंदर उर्फ लॉटरी नाम के व्यक्ति ने कॉल कर रूपयों की मांग की। पैसा नहीं देने पर ट्रेलर दिखाने की धमकी दी। उसके बाद सिकंदर और उसके 5-7 आदमियों ने उसके घर के बाहर पथराव कर दो गोलियां भी चलाई। उसके बाद कॉल कर खुद को हिस्ट्रीशीटर बताते हुए पैसे नहीं देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी थी। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।संवेदनशील घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया था। मुख्य सरगना का साथी मोहम्मद आफताब उर्फ अक्की घटना के बाद से फरार चल रहा था। एसएचओ राजपाल सिंह मय टीम द्वारा परंपरागत पुलिसिंग एवं आसूचना संकलन कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।टीम में एसएचओ राजपाल सिंह, सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, एएसआई रशीद मोहम्मद, हैड कॉन्स्टेबल विजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, कांस्टेबल रज्जाक मोहम्मद एवं विनोद कुमार शामिल थे।

दुगनी शक्ति के साथ समाज के बीच में जायेंगे मोर्चा के पदाधिकारी: जमाल सिद्दीकी

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी रहें।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि मोर्चा के पदाधिकारियों को दुगनी शक्ति के साथ समाज के बीच में जाना है और उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देनी है। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बैठक में मोर्चा की संगठनात्मक संरचना एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई व आगामी कार्यक्रमों और उप चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जावेद कुरैशी ने मंच संचालन किया एवं धन्यवाद भाषण ज्ञापित कर आने वाले अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, पूर्व मोर्चा प्रदेशअध्यक्ष एम. सादिक खान, पूर्व दरगाह अजमेर कमेटी उप चेयरमैन मुन्नवर खान, प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब खान, जंग बहादुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी, प्रदेश मंत्री मुराद अली, महबूब कुरैशी, विकार खान, आसिफ नकवी, प्रदेश आई.टी. इरशाद हसनपुरा, कार्यालय मंत्री उस्मान चौहान, सह कार्यालयमंत्री भागचंद जैन, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अजीज हाथीवाला, मोर्चा जयपुर शहर महामंत्री परवेज खान, मजीद पठान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

अधिकारी करे सिंधी कैम्प का नियमित निरिक्षण वर्षा से यात्रियों को न हो कोई परेशानी : श्रेया गुहा

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने अधिकारियों को सिन्धी कैम्प बस स्टेण्ड्स के नियमित निरिक्षण के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा सिंधी कैम्प सहित सभी बस स्टेण्ड्स एवं आगारों पर अधिकारी बारिश के चलते साफ सफाई व्यवस्था और भवनों का मरम्मत कार्य सुनिश्चित करे जिससे वर्षा एवं जल भराव संबंधी किसी भी तरह की परेशानी यात्रियों को ना हो। श्रीमती गुहा सोमवार को रोडवेज मुख्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने जुलाई माह में निगम को मिलने वाली 75 नई बसों के चैसिस की प्रगति, नई बसों के आवंटन, एसी बसों की स्थिति, ई-फाईलों के निस्तारण सहित यात्रियों की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने संचालन परिणामों, राजस्व अर्जन के साथ गत बैठक में लिये गये निर्णयों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) श्रीमती अनीता मीना, कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) रवि सोनी सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहें।

तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस कप्तान ने की क्राइम मीटिंग

चमकता राजस्थान

धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की क्राइम मीटिंग ली। जिसमें 1 जुलाई 24 से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नये कानूनों में डिजिटल तौर पर एफआईआर, नोटिस, सम्मन, ट्रायल, रिकॉर्ड, फारेंसिक, केस डायरी एवं बयान आदि को संग्रहित किये जाने का प्रावधान किया गया है। तलाशी और जप्ती के दौरान वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी के लिए बनाई गई एसएस ओपी के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई, साथ ही ई साक्ष्य एवं ई बीट बुक के संबंध में जानकारी देकर इनकी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अवैध गतिविधियों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश दिए है। साथ ही शादियों के सीजन को देखते हुए पार्किंग आदि की व्यवस्था बेहतर करने और आगामी मौहर्रम के त्यौहार को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तीनों नये आपराधिक कानून, व्यक्तिगत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देते है। इन कानूनों में समानता और निष्पक्षता के साथ-साथ न्याय पर बल दिया गया है। जिससे सभी के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके। क्राइम मीटिंग के दौरान धौलपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, बाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ कमल कुमार जांगिड, बाड़ी सर्किल ऑफिसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार सहित जिले के सभी वृत्ताधिकारी एवं थानाधिकारी गण उपस्थित रहे।

प्रत्येक मनुष्य एक पेड़ पूर्वजों के नाम अवश्य लगाएं : उप जिला कलेक्टर

चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)। बाड़ी उपखण्ड में आज इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा टेकू चौधरी की बगीची एवं होद के हनुमान जी के सामने उप जिला कलेक्टर राधेश्याम मीणा के सानिध्य में छायादार एवं फल फूल के पेड़ लगवा कर पर्यावरण को शुद्ध करने की की अपील। इच्छापूर्ति फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण को ध्यान में रखकर बाग बगीचियों में पेड़ लगाए जा रहे हैं इसी क्रम में आज बाड़ी उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा भी टीम का मनोबल बढ़ाने हेतु मौके पर पहुंचे ! एवं स्वयं नीम का पेड़ लगाकर उसमें पानी देकर इच्छापूर्ति फाउंडेशन के सदस्यों का उत्साह बढ़ाया। आज लगभग डेढ़ दर्जन पेड़ लगाए गये। जिनमें नीम, बेल पत्र, नींबू, अशोक, जामुन, आम, शमी, इत्यादि पेड़ लगाए गए इस अवसर पर एसडीएम मीणा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संतुलित रहता है ! एवं वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी नहीं रहती है !पौधारोपण के समय इच्छापूर्ति फाउंडेशन के फाउंडर रामकुमार चौधरी भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अनिल गोयल, मुकेश गोसाई, किशोरी शरण भटेले, कमल वर्मा, मयंक गोयल, प्रवेश चौधरी, विदित बंसल, मुन्ना गोस्वामी, छीतरिया उर्फ चित्र बाबा, पवन गोयल आदि उपस्थित थे।

एक नजर

48 लीटर केन बियर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवादा । नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जाँच चौकी से वाहन जाँच के दौरान सोमवार को यात्री बस से 48 लीटर केन बियर के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है, जिसको लेकर बिहार में शराब का बिक्री और परिवहन करना दंडनीय अपराध है। शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए प्रत्येक दिन झारखंड की ओर से आनेवाली हर छोटी और बड़ी गाड़ियों सहित यात्री बसों को जाँच किया जाता है। सोमवार को झारखंड राज्य से आ रही श्री नामक यात्री बस को सहायक अवर निरीक्षक बिशु हेम्ब्रम के द्वारा जाँच के लिए रोका गया और तलाशी के दौरान संदिग्ध अवस्था मे एक बैग दिखाई दिया। बैग की तलाशी के दौरान केन बियर बरामद किया गया,जिसके बाद दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया।

आर्केस्ट्रा में हथियार लहराने वाले दो युवक गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चद्रहिया गांव में एक डांस प्रोग्राम में कट्टा लहराने के वायरल वीडियो का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सदर डीएसपी 2 जितेश पांडे के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले का उद्वेदन करते हुए दोनो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों युवक सूरज कुमार व चंदन कुमार चंद्रहिया का ही बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई की आधी रात को एक डांस प्रोग्राम के दौरान कट्टे को हाथ में लेकर बारी - बारी से दोनो युवक नर्तकी के साथ डांस कर रहे थे। वही इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस कप्तान के निर्देश पर टीम का गठन किया गया ।

फैशन, फर्नीचर शोरूम केफी बॉन हुगली में लॉन्च किया गया

कोलकाता। इस शोरूम से उचित मूल्य पर सभी आधुनिक फर्नीचर उपलब्ध होंगे। अपने स्वयं के आउटलेट के अलावा, कॉफी उन लोगों के लिए आकर्षक ऑफर लेकर आई है जो छोटे निवेश के साथ व्यवसाय करना चाहते हैं, कृपया बोनहुगली में शोरूम से संपर्क करें, नई फैक्ट्रियां रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही हैं, पहले से ही मंदी की स्थिति है बंगाल एक मरूद्यान की तरह है. बनहुगली स्थित इस शोरूम का उद्घाटन रविवार को दीप प्रज्ज्वलित कर कंपनी के लीडर राजीव सिंह ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के महाप्रबंधक राजीव डे, स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं सीपीडी के अखिल भारतीय संपादक एवं फिल्म उद्योग से जुड़े बिप्लब घोष उपस्थित थे. और अब्बास अली मोल्ला थे जो अगले महीने केफी में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

रवि रंजन ने असिस्टेंट कमांडेंट बनकर बढ़ाया नवादा का गौरव

नवादा । नवादा जिले के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत पुन्थर गांव निवासी पिता सुरेन्द्र यादव एवं माता सीता देवी के पुत्र रविरंजन कुमार उर्फ पंकज कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर असिस्टेंट कमांडर बन कर गांव के साथ ही नवादा का नाम रौशन किया है। रविरंजन ने यूपीएससी में 306 रैंक प्राप्त किया है।

स्वजनों ने बताया कि रविरंजन ने मैट्रिक की पढ़ाई उच्य विद्यालय हिसुआ से 2006 में और गांधी इंटर विद्यालय नवादा से 2008 में इंटर की परीक्षा पास की है। इसके बाद रविरंजन ने नेवी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर 2009 से इंडियन नेवी कार्यरत था। इसके बाद भी रविरंजन को आगे की पढ़ाई कर उच्च पद प्राप्त करने की ललक थी। इस बार यूपीएससी द्वारा जारी 7 जुलाई को रिजल्ट में सफलता प्राप्त कर गांव एवं स्वजनों का मान बढ़ाया है। रविरंजन तीन भाई में सबसे बड़ा है। मंझला भाई प्राइवेट कंपनी में इजीनियर है।

गिरिराज सिंह ने तेजस्वी को 90 के दशक को याद करने की दी सलाह

बिहार। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में अपराध को लेकर तेजस्वी यादव के बयान का जवाब दिया है। सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना होने से पूर्व पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने तेजस्वी यादव को अपने पिता के शासन काल को याद करने की सलाह दी। गिरिराज सिंह ने कहा तेजस्वी यादव 90 की दशक याद कर लें और चोर चोरी के खिलाफ बोले तो अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने तेजस्वी को 90 के दशक की याद दिलाई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि अगर चोर चोरी के बारे में बात करें तो अच्छा नहीं लगता है। बिहार में अपराध को लेकर बिहार सरकार की ओर से कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। तेजस्वी यादव इन दिनों बिहार सरकार पर हमलावर हैं।

आकाशीय बिजली गिरने से बिहार में आठ की मौत

एजेंसी

पटना। बिहार में कैमूर और जमुई जिले में रविवार देर शाम आकाशीय बिजली गिरने की घटना से आठ लोगों की जान चली गयी है। कैमूर में 5 और जमुई में 3 लोगों की मौत हुई है। वही दो अन्य गंभीर रुप से घायल हैं।कैमूर जिले के अलग-अलग इलाकों में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल लाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया । मृतक के परिजनों के अनुसार पहली घटना कैमूर जिले के नुआंव थाना क्षेत्र के सातों एवती गांव में स्वर्गीय कपिल पाल के पुत्र

सुग्रीव पाल भैंस चराने के लिए निकले हुए थे। इसी बीच तेज वर्षा होने लगी तभी आकाशीय बिजली इन्हीं के ऊपर गिर पड़ी। जिसमें उनकी मौत हो गई। दूसरी घटना सिझूआ में घटी जहां धान की रोपनी करने के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई जिसमें रामजस बिंद की बेटी सीता मुनि कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके साथ रहे रामबचन बिंद की बेटी चंदा देवी और राम अवध बिंद की बेटी गीता देवी घायल हो गई । जिनका उपचार रेफरल अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है। तीसरी घटना कुढनी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर में घटी, खेत में मजदूरी करने के दौरान रामचरित बिंद के पुत्र शिवजी बिंद के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई । वहीं चौथी घटना बेलांव थाना क्षेत्र के पुनाव गांव में घटी जहां मनोज सिंह का 17 वर्षीय पुत्र भैंस चराने के लिए खेतों में गया हुआ था तभी तेज वर्षा होने लगी तो वह छिपने के लिए पेड़ के नीचे चला आया और बिजली उसी के ऊपर गिर गई ,जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पांचवीं घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर खुर्द में घटी जहां खेती कार्य में लगे रामकवल बिंद के 30 वर्षीय पुत्र रामनिवास बिंद के ऊपर जा गीरा जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सभी के शव का सदर अस्पताल भभुआ में पोस्टमार्टम करा कर श्व को परिजनों को सौंप दिया गया। वज्रपात से मौत की दूसरी घटना जमुई की है जहां तीन अलग-अलग जगह पर हुए वज्रपात की चपेट में आने से दो किसान सहित एक की मौत हो गई। पहली घटना सिकंदरा थाना क्षेत्र के चारण गांव की है। जहां किसान की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई ।मृतक की पहचान चारण गांव निवासी देवी यादव के 38 वर्षीय बेटे करू यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि कारू वर्षा के बीच अपने खेत में पटवन करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह अपने घर के आगे खेत की ओर बढ़ा तभी अचानक वज्रपात हो गई। जिसकी चपेट में आने से कारू यादव की मौत हो गई। दूसरी घटना लक्ष्मीपुर प्रखंड के चिनवेरिया गांव की है। जहां नागौर पासवान के 25 वर्षीय बेटे राजू कुमार अपने घर के पास मोबाइल देख रहा था। तभी अचानक वज्रपात की चपेट में आकर झुलस गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए लक्ष्मीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होते देख इलाज कर रहे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफरल कर दिया, जहां लेकर जाने के दौरान उसकी मौत रास्ते में ही हो गई । तीसरी घटना अलीगंज प्रखंड के कोडवारिया पंचायत के हिल्स गांव की है जहां मवेशी चराने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अलीगंज प्रखंड के हिल्स निवासी महेंद्र यादव के 12 वर्षीय बेटे सौरभ कुमार के रूप में की गई है।

सीएम ने किया चंपारण व गोपालगंज में नदियों का हवाई सर्वेक्षण

एजेंसी

पटना/पूर्वी चंपारण। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के साथ गोपालगंज जिले में हवाई सर्वेक्षण कर नदियो के बढते जलस्तर का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम नीतीश ने हेलिकॉप्टर में बैठकर संभावित बाढ़ के हालात का जायजा लिया और साथ में मौजूद विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज में नदियों के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। इसके साथ ही साथ उन्होंने भारत नेपाल सीमा पर स्थित गंडक बराज का भी निरीक्षण किया है। सुबह 11 बजे सीएम नीतीश पटना एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिए हवाई सर्वेक्षण के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर को देखा। मुख्यमंत्री बाल्मिकीनगर में गंडक बराज, बगहा के कैलाश

नगर, शास्त्री नगर समेत अन्य इलाको में कटाव और उसको लेकर चलाए जा रहे कटाव निरोधी कार्यों का भी जायजा लिया है और जरूरी दिशा निर्देश जारी करते कहा हैं,कि एसओपी के अनुसार बाढ राहत के सभी कार्य सुनिश्चित किया जाय।उन्होने कहा कि मेरा मानना है,राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितो का है।उन्होने बाढ की तैयारी की समीक्षा कर सभी जल संसाधन विभाग अभियंता व जिलाधिकारी सतर्क रहने का भी निर्देश दिया।उल्लेखनीय है,कि बिहार में बहने वाली गंडक समेत कई प्रमुख नदियो के जलग्रहण क्षेत्र नेपाल में हो रही लगातार बारिश के कारण बिहार की नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नीचले इलाकों में नदियों का पानी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में एक बार फिर से बिहार में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

दिन के उजाले में हो रहा लाखों की बालू का अवैध खनन, मूकदर्शक बनी पुलिस

एजेंसी

नवादा। नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर 2021 से नदी से बालू का उठाव पर प्रतिबंध है।इसके बावजूद नियम कानून को ताक पर रखकर दिनदहाड़े बालू का उठाव कर घोर उल्लंघन किया जा रहा है।रोक के बावजूद पुलिस की मिलीभगत से बालू का ट्रैक्टर के माध्यम से नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है।जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है।बालू खनन माफिया के द्वारा धड़ल्ले से तस्करी भी की जा रही है।रजौली में बालू का अवैध कारोबार रोक पाने में पुलिस प्रशासन हो या खनन विभाग पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।यूं कहें कि बालू कारोबारी के आगे रजौली प्रशासन और खनन विभाग ने घुटने टेक दिए हैं।अनुमंडल प्रशासन बालू का अवैध कारोबार करने वालों के आगे बौनी साबित हो रही है।आज तक बालू कारोबार करने वाले के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई ना जिला प्रशासन कर पाई है और ना ही खनन विभाग।जिस कारण बालू

का अवैध कारोबार करने वाले माफिया धड़ल्ले से अपने कारोबार को अंजाम देने में लगे हुए हैं।दिन के उजाले में धनार्जय नदी व खूरी नदी से बालू उठाव कर दिन दहाड़े हो रहा है।थाना क्षेत्र में पिछले कई सालों से बालू के खनन पर रोक लगे रहने के बावजूद रजौली बालू माफियाओं के द्वारा खनन का धंधा बेरोकटोक जारी रखे हुए हैं।पहले तो पुलिस प्रशासन की डर रहती थी।जिसके कारण रात के अंधेरे में छिट-पुट बालू चोरी की जाती थी।लेकिन माफियाओं के द्वारा अब दिन के उजाले में धनार्जय नदी व खूरी नदी से बालू उठाव कर दिन दहाड़े बालू लदे ट्रैक्टर गुजरना आम हो गया है।बालू खनन कर रहे तस्करों पर रोक लगाने में पुलिस प्रशासन तमाशबीन बनी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नदी घाटों में तस्करों के द्वारा अवैध बालू खनन किया जा रहा था,जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पूलिस को दूरभाष पर दिया जाता है।लेकिन सूचना के बाद भी प्रशासन नदी घाट पर नहीं पहुंचती है।जो उनकी मिली भगत को दशार्ता है।लिहाजा क्षेत्रों में बालू के अवैध कारोबार में अंधेरगर्दी मची हुई है।थाना क्षेत्र के धनार्जय नदी हरदिया,बॉढ़ी,बंधन छपरा, मलियातरी,जम्मूआएं,भाईजीभित्ता, चितरकोली,धमनी के अलावे खुरी नदी के गैरिबा बालू घाट से उठाव कर लेंगुरा व धमौल तथा रजौली के कई गांवों में बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन किया जा रहा है।माफियाओं के द्वारा प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर बालू की ढुलाई कराया रहा है।इस मामले में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं।

क्या कहते हैं, अधिकारी

थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा की सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है।हमें जानकारी नहीं है।वीडियो का जांच किया जा रहा है।जो लोग दोषी पाए जाएंगे उन पर कड़ी करवाई की जाएगी।

अमित मालवीय, मोहम्मद सेलिम के खिलाफ पीड़ित लड़की ने दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता

कोलकाता। चोपड़ा के मामले में यह नया मोड़ है। चोपड़ा की पीड़ित लड़की ने बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालब्य और लेफ्ट नेता मोहम्मद सेलिम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों दिग्गज नेताओं के खिलाफ उनकी शिकायत थी कि उनका वीडियो बिना किसी अनुमति के सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। चोपड़ा मामले में जारी वीडियो में मध्यस्थता के नाम पर एक युवती को जमीन पर पीटते हुए देखा गया था। पिटाई करने वाला शख्स इलाके के तृणमूल विधायक की दाहिना हात तजीमुल इस्लाम उर्फ जेसीबी। मोहम्मद सेलिम और अमित मालब्य दोनों ने वीडियो शेयर कर राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर हमला बोला था। एक घंटे के अंदर ही जेसीबी को पकड़ लिया गया। घटना को लेकर राज्य की राजनीति में हलचल मची हुई है। स्थानीय तृणमूल विधायक को भी शोकॉज किया गया। इस बीच, पीड़िता युवती ने सोमवार को जवाबी प्राथमिकी दर्ज कर घटना में नया मोड़ ला दिया। बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में जंगलराज चल रहा है। सोशल मीडिया पर यातना वाले वीडियो पोस्ट करने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। प्रताड़ना का एक वीडियो सामने आया है। लेकिन यह नहीं देखा गया कि इस एफआईआर को दर्ज करने के पीछे कितना दबाव है। अगर कोई दबाव हो तो पीड़ित युवती यह एफआईआर दर्ज करा सकता है।

केंद्र सरकार विनीत- इंद्राणी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी

संवाददाता

कोलकाता। राज्यपाल सीवी आनंद बोस की शिकायत के आधार पर केंद्र कोलकाता के दो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने कहा है कि कथित अनुशासन उल्लंघन के लिए कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल और डिप्टी पुलिस कमिश्नर सेंट्रल इंद्राणी मुखर्जी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। रविवार से वह प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है।

जून 13 को चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों के साथ राजभवन में प्रवेश करते समय विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी को पुलिस ने रोक दिया था। राज्यपाल बोस ने आरोप लगाया कि पुलिस की इस कार्रवाई से राजभवन की गरिमा नष्ट हो रही है। आम लोगों को राजभवन में प्रवेश से रोका जा रहा है। सीवी आनंद बोस ने इस संबंध में गृह मंत्रालय को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। केंद्र की यह कार्रवाई इसी के मद्देनजर मानी जा रही है। हालांकि, विनीत गोयल और इंद्राणी मुखर्जी का दावा है कि उन्हें ऐसे किसी कदम की जानकारी नहीं है।

डीडीसी ने पौधा लगाकर वन महोत्सव का किया आयोजन

एजेंसी

किशनगंज। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न पारिस्थितिकीय चुनौतियों से निपटने पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, हरित आच्छादन को बढ़ावा देने तथा वैश्विक तापमान वृद्धि में कमी लाने में पौधों की महत्ता को स्वीकार करते हुए विभागीय निदेर्शालोक में सोमवार को सभी ग्राम पंचायतों में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मनरेगा के पदाधिकारियों तथा कर्मियों की उपस्थिति में पौधारोपण कर वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस क्रम में विधायक, किशनगंज एवं उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता के द्वारा ग्राम पंचायत हालामाला के मनरेगा भवन में आयोजित वन महोत्सव में भाग लिया गया तथा पौधारोण किया गया। विधायक एवं डीडीसी द्वारा उपस्थित सभी स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को कम से कम एक-एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि पौधें के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। जिला अन्तर्गत वितीय वर्ष 2024-25 में जल-जीवन-हरियाली अभियान अन्तर्गत मनरेगा के तहत 2.75 लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त के साथ-साथ प्रद्युम्न सिंह यादव, प्रशिक्षु आईएएस-सह-प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

श्रावणी मेला को लेकर एसडीओ ने की बैठक, 15 तक तैयारी पूरा कर लेने का दिया निर्देश

एजेंसी

भागलपुर। जिले के सुलतानगंज में होने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर सदर एसडीओ धनन्जय कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, नगर उपसभापति नीलम देवी, डीएसपी चन्द्र भूषण कुमार, सीओ रवि कुमार, बीडीओ संजीव कुमार, थानाध्यक्ष प्रिय रंजन और कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार शामिल हुए। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग, वार्ड पार्षद, मुखिया, सरपंच सहित शहर गणमान्य लोग एवं विभाग के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए एसडीओ ने श्रावणी मेला से संबंधित हो रही समस्याओं के बारे में सबों से अवगत होते हुए सारी समस्याऐ का निदान श्रावण माह से पूर्व कर लेने की बात कही। उधर एसडीओ के नेतृत्व में शहर एवं नमामि गंगे घाट पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान एसडीओ धनन्जय कुमार ने बताया कि श्रावणी मेला को लेकर बैठक की गई। बैठक में जर्जर सड़क की मरम्मती करने के लिए 15 जुलाई का डेट लाईन पदाधिकारियों को दिया गया है। अजगैबीनाथ मंदिर में श्रावण के सोमवार के दिन अधिक भीड़ होने पर उसके नियंत्रण की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गंगा घाट में बिहार सरकार के जमीन पर अतिक्रमण करनेवाले दुकानदारों को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

दो बच्चों को लेकर जा रहा था, लोंगो ने युवक की सामूहिक पिटाई की

कोलकाता। खास कलकत्ता से भंगड़, धूपगुड़ी, चोपड़ा। पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सामूहिक पिटाई के मामले सामने आए हैं। समाज का एक बड़ा हिस्सा इसे लेकर डर रहा है। प्रशासन ने चेतावनी दी है। वहीं इन सबके बीच सोमवार को एक बार फिर सामूहिक पिटाई की घटना सामने आई। कथित तौर पर उत्तेजित भीड़ ने बच्चे के अपहरण के संदेह में एक युवक की पिटाई कर दी। पता चला कि युवक का घर थाना क्षेत्र में है। पुलिस ने युवक को बचाया लिया । वास्तव में क्या हुआ है? स्थानीय लोगों ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति इलाके में बच्चों के आसपास घूम रहा था।

दिवंगत भाजपा नेता के परिजनों से मिले सांसद, न्याय का दिया भरोसा

एजेंसी

अररिया। अररिया नगर स्थित शिवपुरी वार्ड संख्या 9 में पिछले दिनों भाजपा नेता राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा की हुई संदेहास्पद मौत की गुत्थी अब तक सुलझ नहीं पाई है। घटना के पांचवे दिन दिल्ली से लौटे सांसद प्रदीप कुमार सिंह दिवंगत पप्पू झा के पैतृक गांव जहानपुर जाकर परिजनों से मिलकर शोक- संवेदना व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे। ये उनकी बहादुरी का ही परिचय था कि जोकीहाट मुस्लिम बहुसंख्यक इलाके में भी भाजपा का झंडा गर्व से लेकर घूमते थे। सांसद ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पप्पू झा जैसा समर्पित कार्यकर्ता का चला जाना जिला भाजपा परिवार के साथ हमारे लिए भी दुखद है, सांसद ने परिजनों से बात करते हुए कहा की जिला प्रशासन जल्द से जल्द इस संदेहास्पद मौत की गुत्थी सुलझा कर दोषियों पर कार्रवाई करें। इस दौरान सांसद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के जुबैर आलम,अविनाश सिंह के साथ अन्य समर्थक मौजूद रहे।

75वें वन महोत्सव में जिले में आठ लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य

एजेंसी

अररिया। बिहार सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से सोमवार से 75 वां वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया है।जिसका शुभारंभ अररिया जिला में खेल भवन में आयोजित एक समारोह से किया गया।पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अररिया वन प्रमंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी मेधा यादव,एसपी अमित रंजन,डीपीएम जीविका दीदी राहुल कुमार,त्रिलोकनाथ झा,अररिया एवं फारबिसगंज के वनों के क्षेत्रीय पदाधिकारी,वनकर्मी समेत प्लस टू उच्च विद्यालय,प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और 75वें वन महोत्सव के तहत जिले में वृक्षारोपण कर जिले को पेड़ों से अच्छादित करने का संकल्प लिया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मेधा यादव ने सभी विभागों के सहयोग से जिले में फरवरी माह तक वन महोत्सव के तहत आठ लाख पेड़ पौधे लगाने की बात कही।उन्होंने कहा कि पिछले वन महोत्सव में जिले में पांच लाख पेड़ लगाए गए और इस बार सबों के सहयोग से आठ लाख वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर एसपी अमित रंजन ने पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग से बचाव को लेकर पेड़ो के महत्ता के बारे में स्कूली बच्चों के साथ मौजूद लोगों को बताया।साथ ही उन्होंने जिला पुलिस की ओर से भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही।

जवाहर नवोदय विद्यालय के कला शिक्षक राजेश कुमार द्वारा पर्यावरण पर कथा सुनाया गया एवं बच्चों के साथ पर्यावरण बचाव एवं जल संचयन पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था की नई रिलीज डेट अनाउंस

2 अगस्त को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अजय देवगन और तब्बू स्टारर मच अवेटेड फिल्म औरों में कहां दम था को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है. इस फिल्म के ट्रेलर के बाद से तो इसका काफी बज बना हुआ है. ये फिल्म पहले 5 जुलाई 2024 को रिलीज होने वाली थी. हालांकि फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई थी. फाइनली फिल्म की लीड स्टार्स ने औरों में कहां दम था की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है. चलिए जानते हैं अजय और तबु की ये रोमांटिक ड्रामा बड़े पर्दे पर कब दस्तक देगी? औरों में कहां दम था का निर्माण करने वाली कंपनी फ्राइडे फिल्मवर्क्स ने 3 जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर कर अनाउंस किया था कि फिल्म की रिलीज की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है. सके मुताबिक ये फिल्म 2 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया है, इंतजार 2 अगस्त को खत्म होगा! (रेड हार्ट इमोजी). इसका मतलब है कि फैंस को सिनेमाघरों में रोमांटिक थ्रिलर देखने के लिए लगभग एक महीने और इंतजार करना होगा. नीरज पांडे द्वारा निर्देशित, औरों में कहां दम था में जिमी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर के साथ अजय देवगन और तबू मुख्य भूमिका में हैं. रोमांटिक थ्रिलर कृष्णा (अजय) और वसुधा (तब्बू) के किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो 22 साल तक अलग रहने के बाद फिर से एक-दूसरे से मिलते हैं. बता दें कि अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था की नई रिलीज डेट 2 अगस्त अनाउंस की गई है. ऐसे में ये फिल्म विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट से क्लैश करेगी. देखने वाली बात होगी कि दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म करती है और कौन किस पर भारी पड़ती है.

विक्की कौशल, त्रिप्ति डिमरी और एमी विर्क स्टारर बैड न्यूज का पहला गाना तौबा तौबा जारी

आनंद तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म बैड न्यूज पिछले लंबे वक्त से जबरदस्त चर्चा में है।यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए पहली बार विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी देखने को मिलेगी।एमी विर्क भी इस फिल्म महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं।अब निर्माताओं ने बैड न्यूज का पहला गाना तौबा तौबा जारी कर दिया है, जिसे करण औजला ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल करण ने लिखे हैं, वहीं गाने का संगीत भी उन्होंने ही तैयार किया है। यह फिल्म 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।कॉमेडी के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर इस फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं।नोरा फतेही भी इस फिल्म में अभिनय करती नजर आएंगी।इस फिल्म की कहानी भी साल 2019 में आई करीना कपूर और अक्षय कुमार की फिल्म गुड न्यूज की तरह एक बच्चे के इर्द-गिर्द घूमती है। विक्की ने तौबा तौबा गाने का म्यूजिक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे कुछ कठिन डांस मूव्स को बड़ी ही आसानी से करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने क्लिप के कैप्शन में लिखा, पंजाबी गाना और मैं डांस न करूं? चलो चलें, तौबा तौबा गाना अभी रिलीज हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने पंजाबी गाने पर डांस किया हो। पिछले साल विक्की रियार साब और अभिजय शर्मा के गाने ऑब्सेस्ड पर ऑल-ब्लैक आउटफिट में डांस करते हुए वायरल हुए थे। उनके डांस मूव्स ने इस गाने को म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म स्पॉटिफाई पर भारत के टॉप 50 हिट्स में दूसरे स्थान पर पहुंचाया। तौबा तौबा गाने में विक्की कौशल शानदार डांस करते दिखाई दे रहे हैं। गाने की एक-एक बीट पर एक्टर ने अपनी डांसिंग स्किल को दिखाया है। वहीं तृप्ति डिमरी भी इसमें अपनी अदाओं का जादू दिखा रही हैं। रिलीज के कुछ घंटों बाद ही गाने ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। फिल्म में दो पंजाबी लड़कों और एक ईसाई हिंदू लड़की की कहानी के बारे में है।

वरुण शर्मा की वाइल्ड वाइल्ड पंजाब का ट्रेलर जारी

नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

फुकरे, रूही और छिछोरे जैसी सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके अभिनेता वरुण शर्मा को आखिरी बार रणदीप हुड्डा के साथ फिल्म तेरा क्या होगा लवली में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।जल्द ही वरुण फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सिमर प्रीत सिंह ने संभाली है।अब निर्माताओं ने वाइल्ड वाइल्ड पंजाब का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त कॉमेडी से भरपूर है। वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में वरुण के अलावा सनी सिंह, मनजोत और जस्सी गिल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पत्रलेखा और इशिता राज जैसी अभिनेत्रियां भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर 10 जुलाई, 2024 से होगा।निर्माताओं ने सोशल मीडिया और यूट्यूब पर ट्रेलर साझा किया है।भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं। वाइल्ड वाइल्ड पंजाब एक मल्टीस्टारर फिल्म होगी. नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस फिल्म में बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर वरुण शर्मा अहम रोल में नजर आने वाले हैं. उनके अलावा इस फिल्म का हिस्सा सन्नी सिंह, मनजोत सिंह, जस्सी गिल, इशिता राज और पत्रलेखा भी है. फिल्म में वरुण शर्मा खन्ने नाम का किरदार निभाएंगे. उनका किरदार फिल्म का मुख्य किरदार है. इसमें खन्ने का ब्रेकअप हो जाएगा. इसके बाद उनके दोस्त सनी सिंह, मनजोत सिंह और जस्सी गिल खन्ने को ब्रेकअप के दर्द से निकालने में उनकी मदद करेंगे और सभी 'ब्रेक-अप ट्रिप' पर निकल जाएंगे.

अवार्ड शो में शारिब से एक पल की मुलाकात और हो गई दोस्ती: अमृता खानविलकर

एक्ट्रेस अमृता खानविलकर अपकमिंग सस्पेंस और मिस्ट्री थ्रिलर 36 डेज को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस सीरीज में उनके को स्टार शारिब हाशमी हैं। अमृता, शारिब की दोस्ती को अहम मानती हैं और उस पल को अनमोल मानती हैं जब दोनों मिले थे। दिलचस्प बात यह है कि दोनों का कनेक्शन 2021 से है तब जब अमृता ने शारिब को उनका पहला ओटीटी अवार्ड थमाया था। अब वह दोनों 36 डेज में रील-लाइफ जोड़ी के तौर पर दिखेंगे। सीरीज के रिलीज होने से पहले अमृता ने शारिब संग दोस्ती का किस्सा शेयर किया। उन्होंने 2021 के एक अवार्ड फंक्शन का जिक्र किया। अमृता खानविलकर ने कहा, हम पहली बार एक ओटीटी अवार्ड फंक्शन में मिले थे और एक ही पल में दोस्ती की चिंगारी भड़क उठी थी। मैंने शारिब को उनका पहला ओटीटी अवार्ड सौंपा था और वो मेरे लिए एक गर्व का पल था क्योंकि मैं जानती थी कि वो एक समर्पित और टैलेंटेड अभिनेता हैं। अमृता ने कहा, अपने काम के लिए शारिब का समर्पण सच में प्रेरणादायक है। वेब सीरीज 36 डेज में उनके साथ काम करना बेहतरीन एक्सपीरियंस रहा है। हमारे किरदार- ललिता और विनोद एक मजबूत और गहरा रिश्ता शेयर करते हैं और ऐसे संबंधों को प्ले करना सच में चैलेंजिंग (चुनौतीपूर्ण) और फुलफिलिंग था। उन्होंने आगे कहा, ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आपको ऐसा को-स्टार मिले जो आपकी परफॉर्मेंस के स्तर को बढ़ाए, लेकिन शारिब के साथ बिल्कुल वैसे को स्टार हैं। फिलहाल मैं दर्शकों के रिएक्शन को लेकर उत्साहित हूं। देखना चाहती हूं कि वो सीरीज में हमारे बीच की केमिस्ट्री और इमोशन्स की गहराई को देख कैसे रिएक्ट करते हैं। सीरीज 36 डेज में शारिब ने विनोद शिंदे का किरदार निभाया है। वह गोवा के होटल एमराल्ड ओशन्स स्टार सुइट में जनरल मैनेजर हैं। तो अमृता ने ललिता का किरदार निभाया है, जिसका अतीत उथल-पुथल भरा है। सीरीज 36 डेज में नेहा शर्मा, पूरब कोहली, सुशांत दिवगीकर, श्रुति सेठ और चंदन रॉय सान्याल भी हैं। 36 डेज का प्रीमियर 12 जुलाई को सोनी लिव पर होगा।

40 की उम्र में भी नहीं थम रही आमना शरीफ की हॉटनेस

मिनी स्कर्ट में शेयर की फोटोज

टीवी एक्ट्रेस आमना शरीफ आए दिन अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंस्टाग्राम पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। आमना शरीफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस आमना शरीफ ने अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग लग रहे हैं। आमना शरीफ जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाई हील्स, हाथों में छोटा सा बैग, ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस आमना शरीफ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। आमना शरीफ आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक स्टाइल लोगों के बीच शेयर होते ही ट्रेंड करने लगता है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ स्विमिंग पूल के पास खड़े होकर एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस आमना शरीफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार वेब सीरीज आधा इश्क में नजर आई थीं। इस सीरीज में उन्हें मां के रोल में देखा गया था।

कल्कि 2898 एडी का दुनियाभर में बज रहा डंका, 9 दिनों में वर्ल्डवाइड 800 करोड़ कर ली कमाई

नाग अश्विन निर्देशित लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने धमाल मचाया हुआ है. फिल्म ने रिलीज के महज 9 दिनों में ताबड़तोड़ कमाई हर हैरान कर दिया है. चलिए यहां जानते हैं 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के 9 दिनों में वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन कर लिया है? साइंस-फाई फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के वीएफएक्स से लेकर दमदार कलाकारों की टोली और इसकी कहानी दर्शकों को काफी पसंद आई है. फिल्म से प्रभास का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया है, दुनिया भर में ?800 करोड़ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस. वहींकैप्शन में लिखा है, बॉक्स ऑफिस पर फायर (फायर इमोजी). एपिक ब्लॉकबस्टर कल्कि सिनेमाघरों में. 'कल्कि



ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी गदर मचाया हुआ है, ये फिल्म हर रोज कई करोड़ कलेक्शन कर रही है और कई फिल्मों के रिकॉर्ड भी ब्रेक कर रही है. इस फिल्म ने 9 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 431.5 करोड़ की कमाई कर ली है. इसी के साथ इस फिल्म ने बाहुबली 2 (421 करोड़) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. बता दें कि नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी, सास्वता चटर्जी और शोभना ने अहम किरदार निभाया है. फिल्म में विजय देवरकोंडा, दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर ने कैमियो किया है. 'कल्कि 600 करोड़ के अनुमानित बजट पर तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में रिलीज हुई है. सर्वनाश के बाद की यह फिल्म हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरित है और वर्ष 2898 एडी पर आधारित है. यह फिल्म हिंदू महाकाव्य महाभारत और विज्ञान कथा का मिश्रण है, जिसका निर्माण वैजयंती मूवीज द्वारा किया गया है.

गिप्पी ग्रेवाल की अरदास सरबत दे भले दी का टीजर जारी

जैस्मीन भसीन संग जमी जोड़ी

पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री वह इंडस्ट्री है, जिनकी फिल्में नॉर्थ जोन के अलावा दूसरे प्रदेशों में भी दर्शक देखना पसंद करते हैं. बता दें, पंजाब इंडस्ट्री की कई हिट फिल्में हैं, जिन्होंने दूसरे प्रदेश के लोगों के दिलों में यह खास जगह बनाई है. अगर गिप्पी ग्रेवाल की बात करें तो वह पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के एक जाना माना चेहरा हैं. जहां उनकी पंजाब में ही नहीं दूसरी जगह भी काफी लंबी फैंस फॉलोइंग हैं. गिप्पी ग्रेवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म अरदास सरबत दे भले दी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. हाल ही में इस फिल्म का टीजर दर्शकों के सामने आ गया है. बता दें, साल 2016 में आई गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म अरदास को दर्शकों ने काफी पसंद किया था. बॉक्स ऑफिस पर सफलता मिलने के बाद इसकी दूसरी किस्त अरदास करण भी मनोरंजन करने के लिए साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. अब दर्शक अरदास की तीसरी किस्त यानी अरदास शरबत दे भले दी का इंतजार कर रहे थे, जो की जल्द ही दर्शकों के बीच में आने वाली है. जहां इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है. जिसमें दर्शक गिप्पी ग्रेवाल के अलावा अपने दूसरे पसंदीदा एक्टर्स को भी देख सकते हैं. आप फिल्म के टीजर का मजा यहां ले सकते हैं. फिल्म में गिप्पी की जोड़ी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन के साथ बनी है. जहां आप टीजर की झलक में साफ-साफ देख सकते हैं. बता दें, फिल्म में जैस्मिन के अलावा गुरप्रीत सिंह, कंवलजीत सिंह जैसे एक्टर्स अहम किरदार में नजर आए हैं. वहीं फिल्म का निर्देशन गिप्पी ने किया है और कहानी भी उन्होंने ही लिखी है. यह फिल्म 13 सितंबर 2016 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

एक नजर

विभिन्न समाजों ने अपनी रथ यात्रा निकाली

जबलपुर। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा में संस्कारधानी में विभिन्न जगह से रथ निकले। इन रथों में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके बड़े भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा भी थी। सड़कों पर फैली जनमेदनी जय जगन्नाथ के नारों से जुलूस मार्ग को गूंजायमान कर रही थी। शहर में निकलने वाले रथों में खेरमाई हनुमानताल, जगदीश मंदिर गढा फाटक, दीक्षितपुरा शिवमंदिर के साथ विभिन्न समाजों ने अपनी रथ यात्रा निकाली। इन समाजो में साहू बत्री समाज, बंगाली समाज महाराष्ट्रीयन समाज, के रथ सड़कों पर भगवान जगन्नाथ को लेकर घूमे। इस रथयात्रा में डॉ सुधीर अग्रवाल की अगुवाई में सोने की झाड़ू से मार्ग साफ किया गया। इस जगह विभिन्न संत महात्माओं की उपस्थिति भी रही।

मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद जब्त

इंफाल। मणिपुर में हथियार और गोला बारूद बरामदगी का सिलसिला जारी है। इसी सिलसिले में सेना और मणिपुर पुलिस ने इम्फाल पूर्वी जिले में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि इम्फाल पूर्वी जिले के सीमांत क्षेत्रों में हथियारों और गोला-बारूद की मौजूदगी के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर यह अभियान शुरू किया गया। सेना और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। इलाके की दुर्गमता को देखते हुए तलाशी दल की सहायता के लिए सेना के विस्फोटक खोजी कुत्ते को तैनात किया गया।

अली अमीन गंडापुर पर कसा कानूनी शिकंजा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के मुख्यमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता अली अमीन गंडापुर पर कानूनी शिकंजा कस गया है। आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) के जज ताहिर अब्बास सिप्रा ने आज गंडापुर को संघीय राजधानी के आई-9 पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में दोषी ठहराने का फैसला किया है। गंडापुर अपने वकील के साथ एटीसी के सामने पेश हुए। एआरवाई न्यूज चैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत में हुई आज की सुनवाई में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री और अन्य संदिग्धों को चालान की प्रतियां सौंपी गईं। संदिग्धों को 29 जुलाई को अगली सुनवाई में उपस्थिति रहने का निर्देश दिया गया है।

पेट्रोल पंप में लगी भीषण आग

कोरबा। जिले कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमली छापर स्थित मुस्कान पेट्रोल पंप में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पंप परिसर में खड़ी एक चारपहिया वाहन की चिंगारी भयानक आग में तब्दील हो गई। पहले तो पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर उस चारपहिया वाहन में लगे आग पर काबू पाने पेट्रोल पंप में रखें अग्नि शामक यंत्र, रेत और पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया पर आग तेज हवाओं के साथ फैलने लगी और एक एक कर चार पहिया वाहन से स्कूटी,मालवाहक ऑटो और क्रेन तक जा पहुंची।

बदमाशों ने सुरक्षा बलों पर किया हमला

इंफाल। जिरीबाम में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हथियारबंद बदमाशों ने फैतोन इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों पर अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। बाद में सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। ज्ञातव्य है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्धारित जीरीबाम दौरे से कुछ ही घंटे पहले यह हमला किया गया।

ट्रैक्टर पलटने से एक मजदूर की मौत

बलरामपुर/रायपुर। बलरामपुर जिले में बीती देर रात नेशनल हाईवे (एनएच) 343 औराझरिया घाट में मजदूरों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया।हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नल जल मिशन योजना के तहत काम करने के बाद मजदूरों से भरा ट्रैक्टर रात में मीतगाई जा रहे था। सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के मेरठ से मजदूरी के लिए छत्तीसगढ़ आये हुए हैं।बीती देर रात ट्रैक्टर नेशनल हाईवे (एनएच) 343 औराझरिया घाट मेंअनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई और 3 मजदूर घायल हो गए।

उत्तराखंड में भूकम्प के झटके से डोली धरती

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले में रविवार रात्रि भूकंप के हल्के झटके से धरती डोल उठी। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई है। भूकंप से किसी तरह की जान माल हानि की कोई सूचना सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। रात करीब 9.09 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। झटकों से घबराए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए।

नेपाल व यूपी के सीमावर्ती राज्यों पर 'मित्र वन' बसाएगी योगी सरकार

- 35 वन प्रभागों द्वारा 'मित्र वन' की स्थापना के लिए स्थानों का किया गया चयन
- पड़ोसी देश व राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करेगा वन विभाग



लखनऊ। एजेंसी

योगी सरकार वृक्षारोपण जन अभियान के तहत पड़ोसी देश नेपाल व यूपी के सीमावर्ती राज्यों पर 'मित्र वन' बसाएगी। इसके लिए 35 वन प्रभागों द्वारा स्थानों का चयन कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरीतिमा बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों भी समन्वय स्थापित कर रहा है। यही नहीं, सीमाओं पर यूपी की जमीन में पौधरोपण के साथ ही वन विभाग दूसरे राज्यों के गणमान्यों को इस महाभियान से जोड़ेगा।

सीएम योगी की तरफ से तिथि निर्धारित (20 जुलाई) होने के उपरांत वन विभाग वृक्षारोपण जन अभियान-2024 की सफलता में जुट गया है। इसके तहत यूपी के सीमावर्ती जनपदों में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम भी होगा।

सीमावर्ती जनपदों से लगने वाले 35 जनपदों में भी इसकी तैयारी पुरजोर ढंग से की जा रही है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन स्थापना के लिए स्थान का चयन करते हुए पड़ोसी देश नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है।

पौधरोपण जनअभियान चलाएगी योगी सरकार

योगी सरकार की नई पहल 'मित्र वन' को बसाने के प्रयास में विभाग जुटा है। इसके लिए सीमावर्ती राज्यों के साथ ही मित्र राष्ट्र नेपाल के समीप भी पौधरोपण महाभियान चलाने की कार्रवाई होगी। विगत दिनों एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने नेपाल की तरफ पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। इसे देखते हुए वन विभाग इस बार नेपाल के बॉर्डर वाले सोनौली महराजगंज, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बहराइच, पीलीभीत समेत सभी जनपदों की सीमाओं पर भी 'मित्र वन' स्थापित करेगी। यहां पौधरोपण के दौरान न सिर्फ उत्तर प्रदेश के जनप्रतिनिधि, बल्कि पड़ोसी देश से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ने की पहल की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में शहीद पुलिस सेल का गठन

- शीघ्र मुख्यमंत्री से समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे

रायपुर। एजेंसी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए शहीद पुलिस सेल के गठन के निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है।

उल्लेखानीय हो कि कुछ दिनों पूर्व शहीद पुलिस कर्मियों के परिजन अपनी समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा से मिले थे और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया था तब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया था कि शीघ्र मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनके समस्याओं के निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया रविवार की देर शाम को बताया कि प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में शहीद पुलिस सेल का गठन किया जा रहा है। इस सेल का मुख्य उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की समस्याओं का निराकरण करना है। सेल में रेंज पुलिस महानिरीक्षक अध्यक्ष होंगे वही रेंज मुख्यालय के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नामांकित उप पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारी सदस्य होंगे।

शहीद पुलिस सेल शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को इकाई स्तर, रेंज स्तर, तथा पुलिस मुख्यालय स्तर पर बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में परिवारजनों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा और निराकरण के प्रयास किए जाएंगे। बैठक के दौरान, परिवारजनों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर भी मिलेगा।

कमलेश को जिताओ, विधायक के साथ सीएम पाओ : सुखविंदर सिंह

देहरा। एजेंसी

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत हरिपुर, खबली और ढलियारा में जनसभाओं का आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरा का चुनाव, देहरा के सम्मान की लड़ाई है और पूर्व विधायक होशियार सिंह को जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर को जिताएँ और विधायक के साथ मुख्यमंत्री भी पाएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का अगला राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरा में मनाया जाएगा और इस कार्यक्रम से पहले पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने साढ़े छह साल में देहरा की किसी

समस्या के लिए धरना नहीं दिया, लेकिन अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए वह विधानसभा के बाहर धरने पर बैठ गए और कोर्ट भी गए क्योंकि उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर एक चुनी हुई सरकार को गिराने की साज़िश रची, जो असफल रही।

उन्होंने कहा कि इस बार होशियार सिंह की होशियारी नहीं चलेगी और वह देहरा की जनता को झूठ बोल कर गुमराह नहीं कर पाएंगे। छह साल तक वह अपने क्षेत्र का विकास कराने में असफल रहे। क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाली विधायक निधि से वह अपने फाइव स्टार रिजॉर्ट के लिए एक करोड़ का रास्ता बनवा रहे हैं। सरकारी फंड का दुरुपयोग कर रिजॉर्ट के लिए डंगे लगाए जा रहे हैं, जबकि देहरा की सड़कों का बुरा हाल है। होशियार सिंह को देहरा की जनता की नहीं, अपने रिजॉर्ट की चिंता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने धनबल की राजनीति को नकार कर कांग्रेस के विधायकों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी है। अब कांग्रेस की संख्या में तीन और बढ़ने वाली है और 13 जुलाई को कांग्रेस के विधायक 41 हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर की जनता विकास को चुनेगी और होशियार सिंह का पैसा किसी काम नहीं आएगा। पूर्व विधायक भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिके हैं और देहरा की जनता के साथ विश्वासघात किया है।

यूक्रेन ने ड्रोन से किया रूसी शस्त्रागार पर बड़ा हमला

कीव। एजेंसी

यूक्रेन ने रूस के लगभग 9,000 वर्ग मीटर में फैले सैन्य शस्त्रागार वोरोनिश पर ड्रोन से हमला बोला है। यहां पर रूस ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, टैंक और गोलाबारूद आदि रखे हुए हैं। यह यूक्रेन नियंत्रित क्षेत्र से लगभग 85 मील दूर है। वहीं, रूस ने भी अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया गया । रक्षा मंत्रालय का कहना है कि सेना ने बैलिस्टिक मिसाइल से यूक्रेन पर हमला बोला। इसमें यूक्रेन का सतह से हवा में मार करने वाले मिसाइल सिस्टम पैट्रियट के दो लांचर नष्ट हो गए हैं। यह हमला पोर्ट ऑफ यूज्हेन में किया गया। इस हमले में एक रडार स्टेशन भी नष्ट कर दिया गया। हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि पैट्रियट सिस्टम पर कब हमला बोला गया।श

मंत्रालय की ओर से टेलीग्राम पर इससे संबंधित एक वीडियो जारी किया गया है। यूक्रेन ने हमले की पुष्टि की है। इस बीच, नवनियुक्त डच रक्षा और विदेश मामलों के मंत्रियों ने यूक्रेन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड यूक्रेन के साथ खड़ा है और राजनीतिक, सैन्य, वित्तीय और नैतिक तरीकों से समर्थन जारी रखेगा।

बस पलटी, दर्जनों बच्चों समेत कई यात्री घायल

चंडीगढ़। पंचकूला के पिंजौर क्षेत्र में सोमवार की सुबह बस पलटने से सडक हादसे में स्कूली बच्चों समेत 40 यात्री घायल हो गए। घायलों को पिंजौर, पंचकूला तथा चंडीगढ़ के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार सडक की हालत खराब होने तथा ओवर स्पीड के कारण बस पलटी है। सामान्य की भांति हरियाणा रोड़वेज की बस यात्रियों व स्कूली बच्चों को लेकर पिंजौर से रवाना हुई। बस जैसे ही पिंजौर के गांव नौलटा के पास पहुंची। यहां सडक काफी खस्ताहालत में थी। जिसके चलते बस पलट गई। बस में सवार दर्जनों स्कूली बच्चे तथा सामान्य यात्री घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा सूचित करने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को आसपास के ग्रामीणों की मदद से पिंजौर व पंचकूला के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे चंडीगढ़ पीजीआई में रैफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार सडक ही हालत खराब होने तथा बस की ओवर स्पीड के कारण यह हादसा हुआ है।

धर्मशाला : मुख्यमंत्री ने लोगों को किया सिर्फ ठगने का काम : विक्रम

धर्मशाला। एजेंसी

देहरा उपचुनाव में भाजपा के सह प्रभारी और जसवां प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री की बौखलाहट बता रही है कि कांग्रेस देहरा में हार निश्चित है। कांग्रेस की देहरा में हार के लिए जिम्मेदार खुद सुक्खू होंगे क्योंकि उन्होंने प्रदेश के अंदर इस तरह का वातावरण दिया है कि किसी के गले नहीं उतर रहा। देहरा में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने समाज के हर वर्ग के साथ झूठ बोला है, हर वर्ग को ठगने का काम किया है। जिसे देखते हुए देहरा की जनता को लग रहा है।

मुख्यमंत्री देहरा को ठगने की कोशिश में है। बिक्रम ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने के

लिए माइनिंग पॉलिसी एम बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि एक प्रोजेक्ट के काम के साथ अपने रिश्तेदार के क्रशर को जोड़कर कर मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार किया है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि चुनावों में मुख्यमंत्री देहरा का दामाद होने का दावा कर रहे हैं लेकिन वह देहरा की नहीं बल्कि जसवां प्रागपुर के असली दामाद हैं। वह देहरा के फर्जी दामाद हैं। बिक्रम ने कहा कि जिला बनाने का झूठ फैलाने वालों ने देहरा में डीसी के दफ्तर की नोटिफिकेशन क्यों नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि एसपी कार्यालय और लोक निर्माण विभाग के सर्कल ऑफिस की कैबिनेट में मंजूरी हो सकती है तो डीसी ऑफिस की मंजूरी क्यों नहीं दी गई।

बिक्रम ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार में गोरख धंधा चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मित्रमंडली चांदी कूट रही है और भ्रष्टाचार चरम पर है। 2 लाख की जमीन खरीद कर करोड़ो में एचआरटीसी को बेचा जा रहा है। पहले बिजली विद्युत बोर्ड के माध्यम से बेची जाती थी लेकिन अब सरकार ने उसमे प्राइवेट एजेंसी लगा दी है जिसके कारण प्रदेश को सौ करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

पुलिस हिरासत में आरोपित ने की आत्महत्या

फरीदाबाद। अपने साथी को चाकू मारकर घायल करने वाले एक आरोपित अमित ने रविवार देर रात क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 के हिरासत में आत्महत्या कर ली है। इस मामले को लेकर अमित के परिवार वालों में रोष है। उधर, पुलिस ने मृतक अमित के शव को बादशाह के अस्पताल में रखवा दिया है। बताया गया कि तीन दिन पहले मॉल ऑफ फरीदाबाद में गाजीपुर के रहने वाले हरीश को उसके साथी अमित ने पैसों के लेनदेन के चक्कर में चाकू मारकर घायल कर दिया था। बताया गया कि अमित ने हरीश पर चाकू से तीन वार किए थे, जिससे हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे फोर्टिस एस्कार्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाने में आरोपित अमित के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने आरोपित को पूछताछ के लिए उठाया था। वहीं, रविवार रात को आरोपित अमित ने क्राइम ब्रांच की हिरासत में ही आत्महत्या कर ली।

गरीब माताओं के सपनों को मार रही प्रदेश की खराब शिक्षा व्यवस्था : उमेश

हिसार। एजेंसी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश शर्मा के नेतृत्व में दसवीं महिला पंचायत नलवा विधानसभा के कालवास गांव में आयोजित की गई। इस पंचायत में शामिल सभी महिलाओं ने शिक्षा के नाम पर वोट देने की शपथ ली। इस अवसर पर उमेश शर्मा ने सोमवार को कहा कि जिले के सबसे बड़े अफसर डीसी के बच्चों को तो प्राइवेट स्कूल की बीस से तीस हजार सैलरी वाली टीचर पढ़ाती है और मजदूर के बच्चे को 70-80 हजार वाली टीचर पढ़ाती हैं। यानि पैसे की तो कोई कमी नहीं है फिर भी बच्चे इस शिक्षा व्यवस्था से बर्बाद हो रहे हैं क्योंकि हम जो राजनीति जात-पात, दारू-पैसे या धर्म के नाम पर चुनते हैं उस राजनीति ने हमारी शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। उमेश ने कहा कि हरियाणा की महिलाएं दिन-रात काम करती हैं और रात

को सोते वक्त एक सपना देखती हैं कि उनका बच्चा उनसे बेहतर जिंदगी जिए। जो कष्ट मैंने काटे वो उनका बच्चा ना काटे, वो यही सोचती है कि वो अपने बच्चे को पढ़ा-लिखा कर बड़ा आदमी बनाएगी पर हरियाणा की खराब शिक्षा व्यवस्था उसके सपनों को मार देती है। उमेश ने पंचायत में शामिल सभी महिलाओं से अपील की कि अगर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाना चाहते हो तो स्वार्थ की राजनीति करने वालों को छोडकर नए विकल्प आम आदमी पार्टी को वोट देकर परिवर्तन को चुनना होगा।

लापरवाही | **दो वर्षों से बन रहा भवन नहीं हो रहा पूरा, विभागीय अधिकारी बोले फंड नहीं**

सोरखी के सरकारी स्कूल की हालत खस्ता : मनोज राठी

- विधायक कह रहे विकास के लिए पर्याप्त पैसे, अधिकारी कर रहे इनकार, दाल में काला

हिसार। एजेंसी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने सोरखी गांव के सरकारी स्कूल की खस्ता हालत पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि स्कूल के भवन की हालत इतनी खराब है कि यह किसी भी समय गिर सकता है लेकिन क्षेत्र के विधायक व अधिकारियों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। गांव के स्कूल की खस्ता हालत की सूचना मिलने पर सोमवार को मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज राठी ने गांव वालों के साथ स्कूल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

मनोज राठी ने कहा कि सोरखी गांव के सरकारी स्कूल की हालत बहुत खराब है।

स्कूल में कमरे किसी भी समय गिर सकते हैं, कमरों में पंखे नहीं है, मजबूरी में बच्चे बाहर बैठते हैं। कई बार गांव की चौपाल में भी बच्चों को पढ़ाई के लिए बिठाया जाता है। स्कूल में पिछले दो साल से एक बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है जो अभी तक पूरी नहीं हुआ है। मनोज राठी ने कहा कि हमने जब शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने कहा कि विभाग के पास बिल्डिंग पूरी करने का फंड नहीं है।

कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जो भवन बनाया जा रहा है, उसमें घटिया क्वालिटी की सीमेंट व सरिया लगाया हुआ है। एक तरफ हांसी का विधायक कहता है कि उसने हांसी में 1000 करोड़ रुपए लगवा दिए और सरकार हमें विकास के लिए पूरा पैसा दे रही है जबकि दूसरी तरफ शिक्षा विभाग का अधिकारी कहता है कि फंड पूरा नहीं है।

कई बार विधायक ने इस स्कूल के लिए सरकार से फंड मांगा लेकिन सरकार नहीं दे रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि घटिया सामग्री और वर्क आर्डर के अनुसार काम न होने पर गांव वालों ने भी भाजपा विधायक विनोद भयाणा को शिकायत की लेकिन विधायक ने ना तो अधिकारी को कुछ कहा और न ही गांव वालों को कोई आश्वासन दिया।

नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने राजमार्गों को अवरुद्ध किया

तेल अवीव। एजेंसी

गाजा में युद्ध शुरू होने के नौ महीने पूरे होने पर इजराइल के प्रदर्शनकारियों ने रविवार को देशभर में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम का आह्वान किया, ताकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं, जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने समझौते के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हमास ने युद्ध समाप्त करने के लिए इजराइल की

प्रतिबद्धता की प्रमुख मांग छोड़ दी है। इससे नवम्बर के बाद पहली बार लड़ाई रुक सकती है तथा आगे की वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और इजराइल की संसद के सदस्यों के घरों के बाहर प्रदर्शन किया। इस बीच, गाजा में लड़ाई जारी रही, रातभर और रविवार तड़के तक इजराइली हमलों में नौ फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार, मध्य गाजा के जवैदा कस्बे में एक घर पर हमला होने से छह फलस्तीनी मारे गए। गाजा पट्टी के हमास से जुड़े नागरिक सुरक्षा संगठन ने बताया कि रविवार को तड़के एक और इजराइली हवाई हमला गाजा शहर के पश्चिम में एक घर पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक स्कूल में इजराइली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए और कम से कम 50 अन्य घायल हो गये।

एक नजर

ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन के लिए छह फ्रेंचाइजी घोषित

नई दिल्ली। ग्लोबल शतरंज लीग ने सोमवार को अपने दूसरे सत्र के लिए छह फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसका आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन के फ्रेंड्स हाउस में किया जाएगा। दूसरे सीजन में एक नई टीम, अमेरिकन गैम्बिट्स की शुरूआत होगी, जिसके मालिक बिजनेस लीडर प्रचूरा पीपी, वेंकट के नारायण और भारतीय क्रिकेटर और शतरंज के शौकीन रविचंद्रन अश्विन हैं। दूसरे सीजन में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह फ्रेंचाइजी में अमेरिकन गैम्बिट्स के अलावा अल्पाइन एसजी पाइपर्स (एपीएल अपोलो के नेतृत्व वाली एसजी स्पोर्ट्स), गैंग्स ग्रैंडमास्टर्स (इन्सुरेकोट स्पोर्ट्स), मुंबा मास्टर्स (यूनिलेजर वेंचर्स), पीबीजी अलास्का नाइट्स (पुनीत बालन ग्रुप) और उद्घाटन सीजन चैंपियन त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स (त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) शामिल हैं। खिलाड़ी एक अद्वितीय संयुक्त टीम प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें छह खिलाड़ी शामिल होंगे। जिसमें प्रत्येक टीम में दो शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी और एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल होंगे।

सिल्वरवुड की जगह सनथ जयसूर्या बनेंगे श्रीलंकाई पुरुष क्रिकेट टीम के कोच

नई दिल्ली। श्रीलंका के पूर्व कप्तान और एक समय मुख्य चयनकर्ता रहे सनथ जयसूर्या ने सोमवार को कहा है कि वह राष्ट्रीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच होंगे। क्रिस सिल्वरवुड ने टी20 विश्व कप से देश के जल्दी बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था। 55 वर्षीय जयसूर्या ने कहा कि उन्हें श्रीलंका क्रिकेट ने इस महीने भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज और अगस्त में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिए कहा है। जयसूर्या ने एएफपी से कहा मुझे कोचिंग का जिम्मा संभालने के लिए कहा गया है और मैं ऐसा करके खुश हूं। पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान जयसूर्या राष्ट्रीय चयनकर्ता भी रह चुके हैं। 21 जुलाई को चल रही टी20 लंका प्रीमियर लीग के खत्म होने के बाद उन्हें टीम की कमान संभालनी है। जयसूर्या ने खेल के तीनों प्रारूपों में 586 बार श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 42 शतक और 440 विकेट शामिल हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2011 में खेला था। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार, इंग्लैंड के पूर्व कोच सिल्वरवुड, ने व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ दिया, जिसने उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

बास्केटबॉल : ग्रीस ने 16 साल बाद ओलंपिक के लिये किया क्वालीफाई

पिरेयस। ग्रीस ने रविवार को फीबा ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में क्रोएशिया पर 80-69 से हराकर 16 साल बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ग्रीस, जिसने आखिरी बार 2008 में ओलंपिक में भाग लिया था, पांचवां स्थान हासिल किया, उसने 4-0 के शानदार रिकॉर्ड के साथ एकमात्र उपलब्ध स्थान हासिल किया। पेरिस के लिए अन्य तीन टिकट शेष ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में तय किए जाएंगे। पहले क्वार्टर में 22-22 से बराबरी के बाद, दूसरे क्वार्टर में खेल फिर से 29-29 पर आ गया, जिसके बाद ग्रीस ने 8-0 की बढ़त हासिल कर ली। मारियो हेजोन्जा, जिन्होंने पहले हाफ में अपने 15 में से 10 अंक बनाए, ने क्रोएशिया को अंतर को 40-39 तक कम करने में मदद की, हालांकि ग्रीस ने 45-39 पर ब्रेक लिया। ग्रीक सेंटर जॉर्जियोस पापागियानिस ने पहले हाफ में 16 अंक बनाए, जिसमें चार 3-पॉइंटर्स शामिल थे। गार्ड निक कैलाथेस ने तीसरे क्वार्टर में कमान संभाली, जिससे ग्रीस ने अंतिम अवधि से पहले 66-53 की बढ़त हासिल कर ली। ग्रीस ने इसके बाद चौथे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी और अंत में 80-69 से जीत हासिल कर पेरिस के लिए क्वालीफाई कर लिया। ग्रीस के लिए जियानिस एंटेटोकोउनम्पो ने गेम में सर्वाधिक 23 अंक और आठ रिबाउंड बनाए, जबकि पापागियानिस ने 19 अंक बनाए।

प्रतियोगिता की मुख्य आकर्षण होंगी आयरा और कोमल

नई दिल्ली। एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी आयरा चिश्ती और कोमल नागर 9 से 13 जुलाई तक पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया महिला वुशू लीग के उत्तरी क्षेत्रीय दौर में आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी। उत्तर क्षेत्रीय मीट में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 350 एथलीट भाग लेंगे, जिसमें सांडा (लड़ाई) और ताओलू (फॉर्म) दोनों शामिल हैं। यह आयोजन हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, चंडीगढ़, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के वुशू खिलाड़ियों के लिए खुला है।

उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता पिछले महीने कर्नाटक में आयोजित दक्षिण क्षेत्रीय प्रतियोगिता के बाद होगी। चार क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के बाद, राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय का खेल विभाग भारतीय वुशु महासंघ द्वारा आयोजित 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता को वित्तपोषित करता है।

सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्पधाओं के शीर्ष आठ वुशु एथलीटों को नकद प्रोत्साहन मिलेगा। महिला वुशु लीग कई खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करेगी जो अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता आयरा (18 वर्ष) और कोमल (19 वर्ष) जैसी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहती हैं, जो एनएसएनआईएस पटियाला केंद्र में प्रशिक्षण लेती हैं। 2022 में इस प्रतियोगिता में पदार्पण करने वाली आयरा ने कहा, ₹मैं अपने तीसरे खेलो इंडिया महिला वुशु लीग में अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं, पिछली दो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हूं। जम्मू और कश्मीर की आयरा, जो सीनियर 52 किग्रा सांडा श्रेणी में भाग लेंगी, ने 2022 में इंडोनेशिया में जूनियर वुशु विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

चैंपियन कार्लोस अल्काराज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

लंदन। एजेंसी

गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां फ्रांसीसी उगो हम्बर्ट को हराकर विंबलडन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 21 वर्षीय अल्काराज ने शुरूआती दो सेट 6-3, 6-4 से जीत लिए, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें संघर्ष करना पड़ा क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी ने तीन बार उनकी सर्विस तोड़ी और वे 6-1 से हार गए। चौथे सेट में, अल्काराज और 26 वर्षीय हंबर्ट दोनों के खेल में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्पेनिश खिलाड़ी ने कुछ महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर खेल दिखाया और 7-5 से जीत हासिल की। अल्कराज ने मैच 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से जीता। विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जननिक सिनर ने अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन के खिलाफ अपने मैच में दबदबा बनाया, और दो घंटे और नौ मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-4, 7-6(9) से जीत हासिल की।

रूस के पांचवें वरीय डेनियल मेदवेदेव ने चौथे दौर में जीत हासिल की, उनके प्रतिद्वंद्वी बुल्गारियाई अनुभवी ग्रिगोर दिमित्रोव पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। महिला एकल में 12वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज भी इटली की जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ मैच के दौरान चोट के कारण बीच में ही हट गईं।

इटैलियन सातवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका की 19वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से भिड़ेंगी, जिन्होंने हमवतन और यू.एस. ओपन चैंपियन कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन ने अपना चमत्कारी सफर जारी रखते हुए ब्रिटेन की पूर्व यू.एस. ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। 23 वर्षीय सन ने पहले दौर में चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को हराया, जो उनकी पहली ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ जीत थी।

स्वर्ण पदक जीतने के बाद चेन्नई पहुंचीं अनुपमा

चेन्नई। एजेंसी

सऊदी अरब के रियाद में आयोजित सीनियर एशियाई महिला स्नूकर टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अनुपमा रामचंद्रन का चेन्नई हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 5 जुलाई तक किया गया था। यह टूर्नामेंट नॉकआउट एंड-लीग प्रारूप में आयोजित किया गया था। अनुपमा ने खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की पंचया चन्नई को 3-1 से हराकर खिताब हासिल किया। 3-1 की जीत में, अनुपमा अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक शुरूआत नहीं कर पाईं। वह शुरू में 1-0 से पीछे थीं, लेकिन वापसी करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की।

अनुपमा ने सेमीफाइनल में अपनी साथी भारतीय क्यूइस्ट कीर्तना पांडियन को 3-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अनुपमा ने महिला वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी 2024 एशियाई बिलियड्र्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक हासिल करने के अपने अभियान में पिछड़ गए, जब उन्हें भारत के अपने प्रतिद्वंद्वी ध्रुव सितवाला के खिलाफ अंतिम दौर में 2-5 से हार का सामना करना पड़ा।

अभिषेक शर्मा ने डेब्यू सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय आईपीएल को दिया

हरारे। एजेंसी

अभिषेक शर्मा ने युवा खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय टीम में सहज बदलाव सुनिश्चित करने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को दिया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना दूसरा टी20 मैच खेल रहे अभिषेक ने आईपीएल 2024 में दिखाए गए इरादे को दोहराया और 46 गेंदों में शतक बनाकर हरारे की भीड़ को रोमांचित करने में सफल रहे। उनके शतक की बदौलत भारत ने रविवार को दूसरे टी20 मैच में जिम्बाब्वे को हराकर 5 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। मैच के बाद अभिषेक ने कहा मुझे लगता है कि आईपीएल इसमें बड़ी भूमिका निभाता है क्योंकि एक युवा खिलाड़ी के रूप में, एक नवोदित खिलाड़ी के रूप में, जब हम देश का प्रतिनिधित्व करने आए थे, तो हमें बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं हुआ। उन्होंने कहा जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं, तो यह हमेशा एक बड़ी प्रेरणा होती है। दुर्भाग्य से पहला मैच अच्छा नहीं रहा, लेकिन मेरी मानसिकता और इरादा वही था।

मैंने अन्य नवोदित खिलाड़ियों से भी बात की, हम सभी ने लंबे समय से एक साथ क्रिकेट खेला है, मैं कहूंगा कि अंडर 14 दिनों से। मुझे लगता है कि टी20 में यह सब दृष्टिकोण, इरादे के बारे में है। अगर मैं इरादा दिखाता हूं और अगर यह मेरा दिन है, तो आमतौर पर ऐसा होता है। अभिषेक ने अपने खेल में भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के योगदान को श्रेय दिया और अपनी तूफानी पारी में आठ छक्के लगाए। उन्होंने कहा यह सब मेरी कड़ी मेहनत का नतीजा है। मेरे पिता का विशेष धन्यवाद जिन्होंने मुझे बचपन से ही लॉफ्टेड शॉट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। आमतौर पर कोच आपको लॉफ्टेड शॉट खेलने की अनुमति नहीं देते हैं। मेरे पिता मुझसे कहते थे कि अगर आप लॉफ्टेड शॉट खेलना चाहते हैं, तो उसे मैदान से बाहर जाना चाहिए। मेरे लिए, बचपन से ही यह बात रही है कि अगर मैं आत्मविश्वास से भरा हूं, तो मैं खुद को अभिव्यक्त करना पसंद करता हूं। युवा सलामी बल्लेबाज ने खुलासा किया कि उन्होंने मैच के लिए शुभमन गिल के बल्ले का इस्तेमाल किया था, ऐसा उन्होंने पहले भी नियमित रूप से किया है। एक ही राज्य से आने वाले दोनों खिलाड़ी छोटी उम्र से ही एक साथ खेलते हुए बड़े हुए हैं।

अभिषेक ने कहा यह यात्रा बहुत खूबसूरत रही है। जब हमने खेलना शुरू किया, तब हम लगभग 10-11 साल के थे और हम अंडर-12 से ही साथ-साथ खेल रहे हैं।

पंजाब हॉकी लीग : राउंडग्लास हॉकी अकादमी शीर्ष पर

मोहाली। एजेंसी

राउंडग्लास हॉकी अकादमी (आरजीएचए) पिछले सप्ताह में अपने दोनों मैच जीतकर पंजाब हॉकी लीग की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है । उनके दो मैचों में छह अंक हैं, जबकि दूसरे स्थान पर स्थापित अमृतसर की एसजीपीसी हॉकी अकादमी के भी चार मैचों में छह अंक हैं। जालंधर की सुरजीत हॉकी अकादमी पीआईएस वर्तमान में दो मैचों में पांच अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। आरजीएचए ने बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, मोहाली में खेले गए लीग के अपने पहले मैच में पीआईएस, लुधियाना को 6-0 से हराया। अर्जनदीप सिंह ने दो बार स्कोर किया, जबकि अमनदीप, हर्षजोत सिंह, जपनीत सिंह और नवजोत सिंह ने अपनी टीम के लिए 1-1 गोल किये । इसी स्टेडियम में खेले गए दिन के दूसरे मैच में एसजीपीसी हॉकी अकादमी, अमृतसर ने पीआईएस मोहाली को 7-1 से हरा दिया। इसके बाद आरजीएचए ने रविवार को वापसी करते हुए एसजीपीसी हॉकी अकादमी, अमृतसर पर 8-1 की शानदार जीत हासिल की और तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दिन के दूसरे मैच में नामधारी स्पोर्ट्स अकादमी ने पीआईएस मोहाली को 4-1 से हराकर लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैचों का अगला सेट 13 और 14 जुलाई को लुधियाना के ओलंपियन पृथ्वीपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

राष्ट्रीय बालिका हॉकी चैंपियनशिप को उत्तर प्रदेश की टीम ने जीता

झांसी। झांसी में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय बालिका हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल मैच में रोमांचक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने हरियाणा को 2-1 से हराकर खिताब जीत लिया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल मैच में दूसरे हाफ में हरियाणा ने वापसी की कोशिश की। मैच के 55 वें मिनट में उत्तर प्रदेश की टीम ने अपना दूसरा गोल कर जीत पक्की कर ली। हरियाणा ने 60 वें मिनट में एक गोल कर स्कोर को 2-1 कर दिया, लेकिन इसके बाद उनके पास बराबरी करने का कोई मौका नहीं मिला। बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बालिका हॉकी टीम की जीत पर बधाई दी।

वाणिज्य

गिरावट के साथ शेयर बाजार की शुरुआत

सेंसेक्स 200 अंक लुढ़का, निफ्टी भी सुस्त

मुंबई। एजेंसी

वैश्विक बाजारों से मिले सुस्त संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स करीब 200 अंकों की गिरावट के साथ 79,915 पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 मामूली बढ़त के साथ 24,329.45 के लेवल पर खुला। हालांकि कुछ ही देर में गिरावट आ गई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में काफी हलचल देखने को मिल रही है। बीएसई सेंसेक्स में आज सबसे ज्यादा बढ़त के साथ खुलने वाले शेयरों में टॉप पर टाटा मोटर्स के शेयर दिखे। टाटा ग्रुप की ऑटो कंपनी के शेयर 1 फीसदी से ज्यादा की उछाल के साथ खुले। इसके अलावा, टॉप गेनर्स की लिस्ट में हिंदुस्तान यूनिलिवर, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, लॉर्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा के शेयर रहे। टाइटन के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली। इसके बाद इस लिस्ट में इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, मारुति सुजूकी, बजाज फिनसर्व के शेयर रहे। वहीं पिछले कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में लगातार दो दिन से जारी रिकॉर्ड तेजी पर ब्रेक लग गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 53.07 अंक की मामूली गिरावट के साथ 79,996.60 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21.70 अंक की हल्की बढ़त के साथ 24,323.85 अंक पर बंद हुआ।

वहीं एशिया-पेसिफिक बाजारों में सुबह ज्यादातर स्टॉक एक्सचेंज लाल निशान में कारोबार करते देखे गए। जापान का निक्केई 0.17 प्रतिशत और ब्रॉड बेस्ड टॉपिक्स 0.47 प्रतिशत फिसल गया। साउथ कोरियाई कोस्पी में 0.07 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि स्मॉल-कैप कोस्डेक में 0.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को सेबी ने आईपीओ के लिए दी मंजूरी

नई दिल्ली। नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 18 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था।कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटर समूह तथा निवेशक-विक्रय शेयरधारकों द्वारा 44.5 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपनी व्यापक उपस्थिति के साथ टर्नकी प्री-इंजीनियर्ड स्टील निर्माण समाधानों के मामले में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है।

कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.15 डॉलर यानी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 86.39 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.30 डॉलर यानी 0.36 फीसदी फिसलकर 82.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली। एजेंसी

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में तेजी बनी रही। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। अमेरिका में शुक्रवार को आए जॉब डेटा के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आए। डाउ जॉन्स 66 अंकों की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,567.19 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 164.46 अंक यानी 0.90 प्रतिशत उछल कर 18,352.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 39,301.47 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव की स्थिति बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,203.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,675.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,475.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। ताइवान वेटेड इंडेक्स 398.11 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की बड़ी छलांग के साथ 23,954.70 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,978.16 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,864.73 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,314.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

सार्वजनिक निर्माण विभाग में बिलो दरों पर हो रहे टेंडरों से हो रही कार्य की गुणवत्ता प्रभावित

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर के अधिकांश टेंडर अनुमान से कम लागत पर हो रहे हैं,आश्चर्य है गुणवत्ता के साथ यह समझौता नियमानुसार चल रहा है। जिम्मेदार भी यही मान रहे हैं कि यही सिस्टम है,लेकिन बिलो रेट पर टेंडर कॉल और उसके बाद घटिया काम का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

ऐसे में ठेकेदार गुणवत्ता के साथ कैसे काम कर सकता है यह एक बड़ा सवाल है।

चमकता राजस्थान संवाददाता ने इसकी पड़ताल की तो पता चला कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की ज्यादातर भवन, फ़र्नीचर,पेंटिंग के कार्यों में बिलो राशि टेंडर हुआ है,गुणवत्ता बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रही है,इस सिस्टम को बदलने की जरुरत है,लेकिन जिम्मेदार इसके लिए संजीदा नहीं हैं।

यह है बिलो रेट का गणित

ठेकेदारों के बीच हो रही प्रतिस्पर्धा के कारण ठेकेदार अनुमानित लागत से कम पर टेंडर भरते हैं,जिसका रेट सबसे कम, विभाग उसे काम देता है जो की निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के लिए खतरनाक है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक ठेकेदार ने बताया कि, ठेकेदारों के बीच कंपीटिशन की वजह से बिलो राशि पर टेंडर होता है,5-10 परसेंट विलो राशि हो तो काम हो जाता है अगर 15 से 20 या उससे अधिक 30 परसेंट बिलो हो तो काम करना मुश्किल हो जाता है।

अभियंता नहीं दे रहे हैं ध्यान

सार्वजनिक निर्माण विभाग में अभियन्ता या तो अपनी डीपीसी का इंतज़ार कर रहे हैं या अपनी सेवानिवृति का ,इनके ध्यान न देने से विभाग के टेंडरों में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है

वृत्त शहर जयपुर में चार तरह के टेण्डर होते हैं !

पहला पेंटिंग जिसकी दर साठ से सत्तर बिलो जा रही है !

दूसरा सिविल जिसकी दर 30 से 35 बिलो जा रही है !

तीसरा सेनेट्री जिसकी दर 30 से 35 बिलो जा रही है !

चौथा फ़र्नीचर जिसकी दर 30 से 33 बिलो जा रही है !

उसके पश्चात अठारह प्रतिशत जीएसटी अलग अब यदि ठेकेदार इतनी कम दरों पर कार्य रहे हैं तो उनकी क्वालिटी का अंदाज़ लगाया जा सकता है अधीक्षण अभियन्ता वृत्त शहर जयपुर अपने डीपीसी का तो अतिरिक्त मुख्य अभियंता अपनी सेवा निवृति का इंतज़ार कर रहे हैं, इनके कार्यों के प्रति बेरुख़ी विभाग को भारी घाटा पहुँचा रही है!

मुख्य अभियन्ता (क्वालिटी कंट्रोल) ले संज्ञान

सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (क्वालिटी कंट्रोल) को इस बारे में संज्ञान लेना चाहिए की निर्माण कार्य की क्वालिटी ठीक नहीं रहती,सिर्फ खानापूर्ति होती है,एक्चुअल काम और कम रेट पर सड़कों की जांच व मॉनीटरिंग प्रॉपर हो तो गड़बड़ी की संभावना कम रहती है। लेकिन 5% से अधिक बिलो राशि पर काम दिया जाता है तो क्वालिटी भगवान भरोसे रहती है। ऐसी स्थिति में ठेकेदार या तो काम छोड़ देता है या फिर खुद के फायदे के लिए क्वालिटी को दरकिनार कर निर्माण करता है। ऐसी स्थिति में विलो राशि पर काम नहीं के बराबर देना चाहिए,देश में सरकारी टेंडर अब तक उन्हीं को मिलता था जो सबसे कम बोली लगाते थे लेकिन अब केंद्र सरकार ने गुणवत्ता पर जोर दिया है. नई गाइडलाइंस में ठेकेदारों के चयन के लिए वैकल्पिक तरीकों की अनुमति दी गई है, जिससे परियोजनाओं को पूरा करने की रफ्तार और क्वालिटी में सुधार होने की उम्मीद है. पारंपरिक एल1 प्रणाली के विकल्प के रूप में क्यूसीबीएस तकनीक के माध्यम से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके को अपनाते हुए टेंडर के मूल्यांकन के दौरान गुणवत्ता मानकों को महत्व दिया जा सकता है!

राजस्थान मंत्रालयिक अधिकारी /कर्मचारी संघ (सार्वजनिक निर्माण विभाग ,राजस्थान ,जयपुर)ने की संगठन की कार्य व्यवस्था हेतु कमरा आवंटन की माँग

राजस्थान मंत्रालयिक अधिकारी /कर्मचारी संघ (सार्वजनिक निर्माण विभाग ,राजस्थान ,जयपुर)ने संगठन की कार्य व्यवस्था हेतु कमरा आवंटन की माँग उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से की है संगठन के अध्यक्ष नवलकिशोर शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री जो कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की मंत्री भी हैं से संगठन के कार्य व्यवस्था हेतु कमरा आवंटन के लिए पत्र लिखा था जिसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु विभाग को प्रेषित किया है अब विभाग कमरा आवंटन हेतु आगे की प्रक्रिया शुरू कर रहा है !

राजस्थान शासन सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ ने मुख्य सचिव को सीवर लाइन जाम खुलवाने के लिए लिखा पत्र

राजस्थान शासन सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नरपत सिंह ने मुख्य सचिव को एच ब्लॉक के क्वार्टरों में लंबे समय से जाम पड़ी सीवर लाइन को खुलवाने के लिए पत्र लिखा है एक सीवर लाइन के जाम खुलवाने के लिए मुख्य सचिव को पत्र लिखने का संभवतया यह पहला मामला है ! चमकता राजस्थान संवाददाता ने जब इस मामले की तहक़ीक़ात की तो सामने आया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की गांधीनगर में चौकी है जहाँ पर सीवर लाइन संबंधित कार्य करने वाले ठेकेदार के आदमी बैठे रहते हैं और वह मात्र खानापूर्ति कर कार्य को अंजाम देते हैं कारण पूछने पर पता लगा कि ठेकेदार कम दरों पर टेंडर करवा लेते हैं और एक या दो कर्मचारी कम तनख़्वाह पर वहाँ पर छोड़ देते हैं वे ही सीवर लाइन संबंधी समस्याओं का निराकरण मन मज़ी के तरीक़े से करते हैं !

न्यूज अपडेट

शिवसेना नेता के बेटे ने बीएमडब्ल्यू से मारी बाइक सवार दंपती को टक्कर, पत्नी की मौत, पति घायल

मुंबई। वर्ली में पुणे जैसा हादसा हुआ है। यहां एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार महिला कार के बोनट पर आ गिरी। कार सवार उसे 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस हादसे में महिला की मौत हो गई और उसका पति घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये गाड़ी शिवसेना शिंदे गुट के एक नेता की है। उसका बेटा मिहिर शाह इस कार को चला रहा था। पुलिस ने बताया कि हादसा अट्रिया मॉल के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। मिहिर के साथ कार में एक और शख्स मौजूद था। पुलिस की मानें तो वो उसका ड्राइवर हो सकता है। फिलहाल जांच की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान वर्ली कोलीवाड़ा निवासी कावेरी नखवा (45) के रूप में हुई है। वो ससून डॉक से मछली खरीदने के बाद अपने पति के साथ वापस जा रही थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार ने दंपति के स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। वो गाड़ी के बोनट पर गिर पड़े। पति तो जल्दी से कूद गया, लेकिन कावेरी नहीं कूद पाई। घबराहट में कार चालक गाड़ी दौड़ाता रहा जिससे कावेरी लगभग 100 मीटर तक बोनट पर घिसटती रही और फिर सड़क पर जा गिरी।

बाबा को बचाने के लिए वकील ने 'नई कहानी' गढ़ी, जहरीले स्प्रे को बताया भगदड़ का कारण

हाथरस/एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ में 123 लोगों की जान लेने वाला कौन है? भगदड़ क्यों हुई? बाबा साकार हरि की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है? सत्संग की व्यवस्थाएं कैसे फेल हो गईं? ऐसे कई सवाल हैं जो अब भी अनसुलझे हैं। जांच की तलवार बाबा साकार हरि पर भी लटक रही है। मामले में 9 गिरफ्तारियों के बाद बाबा डिफेंस मोड में चल रहे हैं। बाबा के वकील एपी सिंह बचाव में नई-नई थ्योरी लेकर आ रहे हैं. अब उन्होंने भगदड़ के पीछे जहरीले स्प्रे की कहानी बयां की है।

हाथरस में भगदड़ हुई नहीं, कराई गई..

साकार हरि के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा के खिलाफ भगदड़ की साजिश रची गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगदड़ हुई नहीं बल्कि कराई गई है। इसके लिए साजिशकर्ताओं ने जहरीले स्प्रे का इस्तेमाल किया। सत्संग खत्म हुआ तो साजिश के तहत कुछ लोग बाबा की तरफ दौड़ पड़े। उन लोगों के हाथों में जहरीला स्प्रे था। वे दौड़ते हुए पीछे की तरफ स्प्रे करते हुआ बाबा की तरफ भागे। इस स्प्रे का प्रभाव महिलाओं पर पड़ा और वे बेहोश होने लगीं। महिलाएं गिरने लगीं और भगदड़ का माहौल हो गया जिसके चलते यह घटना हुई। एपी सिंह ने कहा कि अज्ञात लोग जहरीले स्प्रे लेकर जा रहे थे... वे जहरीले स्प्रे का छिड़काव करते हुए भागे और यह एक पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा लग रहा है। कई लोग बेहोश हो गए... मैं विशेष जांच दल से आग्रह करता हूं कि वह जांच करे कि इस घटना के पीछे कौन लोग हैं। इससे पहले एपी सिंह ने बातचीत में कहा था कि हाथरस में सत्संग के बाद साकार

कुलगाम की दोहरी मुठभेड़ में 8 आतंकी ढेर, सेना के 2 पारा एसएफ जवान शहीद

कुलगाम/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के चनिगाम गांव और मोदरघम में चल रही दोहरी मुठभेड़ में 8 आतंकियों को मार गिराया है। चनिगाम में चार आतंकी मारे गए हैं वहीं मोदरघम में दो आतंकियों को भारतीय सेना ने ढेर कर दिया है। दो आतंकी किस कार्रवाई में मारे गए हैं। यह सूचना आनी अभी बाकी है। इस कार्रवाई में भारतीय सेना के दो जवान लांस नायक प्रदीप कुमार और प्रवीन जंजाल प्रभाकर शहीद हो गए हैं। करीब 20 घंटे से दोनों जगहों पर अभी भी घातक कार्रवाई जारी है। दक्षिण कश्मीर के इस इलाके में शनिवार देर शाम शुरू हुआ यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। यहां अभी भी आतंकियों के छिपे होने की जानकारी सामने आ रही है। दोनों ही जगहों पर सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इसके बात ही आतंकरोधी अभियान शुरू कर दिया गया। दोनों ही जगहों पर घेराबंदी के साथ तलाशी अभियान शुरू हुआ तो आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और फिर यह मुठभेड़ में बदल गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरदी ने कहा कि अभियान जारी रहेगा।

बच्चे का मुंह देखने से पहले पिता शहीद ,18 साल की उम्र में कमांडो बन गया था मां-बाप का इकलौता बेटा प्रदीप

कुलगाम/एजेंसी। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में चल रही मुठभेड़ में भारतीय सेना के पैरा कमांडो प्रदीप नैन शहीद हो गए। वह हरियाणा के जींद नरवाना के रहने वाले थे। मां-बाप के इकलौते प्रदीप 18 साल की उम्र में ही भारतीय सेना के कमांडो बन गए थे। अभी दो साल पहले ही उनकी शादी हुई थी और उनकी पत्नी इस समय गर्भवती हैं। प्रदीप के शहादत की खबर सुनकर उनकी तबीयत बहुत बिगड़ गई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदीप 2015 में सेना में शामिल हुए थे और 2022 में उनकी शादी हुई थी। प्रदीप का पार्थिव शरीर आज नरवाना लाया जाएगा।

यूपी में क्यों ढेर हुए बीजेपी के धुरंधर?

दलित-ओबीसी नेताओं ने खोली पार्टी की आंख, समीक्षा रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

लखनऊ।

लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन पर मंथन करने के लिए उत्तर प्रदेश में बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष की अगुवाई में पार्टी के दलित पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इस बैठक में बीएल संतोष के सामने आउटसोर्सिंग की नौकरियों में आरक्षण का मुद्दा उठा।

दलित और ओबीसी नेताओं ने बताई हार की वजह

दलित और ओबीसी नेताओं ने कहा कि हार की एक बड़ी वजह आउटसोर्सिंग में आरक्षण का ना होना है। उन्होंने कहा कि दलित और ओबीसी ने आउटसोर्सिंग में आरक्षण नहीं होने को आरक्षण खत्म होने की दिशा में एक बड़ा कदम माना और इसी वजह से वे सरकार के खिलाफ चले गए। बीएल संतोष के साथ मुलाकात में योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण, गुलाब देवी और प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत भी शामिल थीं। दलितों के लिए जो सबसे बड़ा मुद्दा इस चुनाव में हार की वजह बन वह आउटसोर्सिंग की नौकरियों में रिजर्वेशन का नहीं होना था। सभी मंत्रियों ने एक सुर में यह बात बीजेपी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री को बताई। बीजेपी नेतृत्व ने आउटसोर्सिंग और ठेके की नौकरियों में दलित ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के नहीं होने को एक बड़ा मुद्दा माना और जल्द ही इस मुद्दे पर एक पूरी रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929